• जयपुर, रविवार, 4 अगस्त 24 • वर्ष 13 • अंक 337 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जालोर में डीएसटी व थाना बिशनगढ़ पुलिस ने किया चोरी...
पेज @4 नई सोच और नए तरीके के साथ मण्डल कार्ययोजना बना करे...
पेज @8 » नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते आवारा ...


# राज कार्यकर्ताओं का, सरकार कार्यकर्ताओं की इसलिए सरकार के काम जनता तक ले जाने की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं की: मदन राठौड़

## भाजपा की सरकार ने सत्ता संभालते हुए गठित की एसआईटी, 7 माह में 115 पेपर लीक माफियाओं को पहुंचाया सलाखों के पीछे: भजनलाल शर्मा

## राजनीति में पद, मद और कद महत्वपूर्ण, जनता के प्यार और विश्वास से अर्जित करें स्थाई कद: वसुंधरा राजे

चमकता राजस्थान







**जयपुर, 03 अगस्त 2024।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पदभार ग्रहण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रर्ताओं के सम्मान और स्वाभिमान के लिए खून पसीना एक कर दूंगा। उन्होंने कार्यक्रम में प्रदेशभर से पधारे हुए हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति पर भावविभोर होकर कहा कि ये एक सामान्य कार्यकर्ता के प्रति जो स्नेह और सम्मान मुझे दिया गया है उसका मैं ऋणी हूं। जो मार्गदर्शन मुझे मिला है उसके अनुसार संगठन और सत्ता के मध्य सेतु बनकर शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करूंगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जिस मोहल्ले में रहते है, वो वहां सरकार के प्रतिनिधि है। आज राज कार्यकर्ताओं का है, सरकार कार्यकर्ताओं की है और सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को जनता तक ले जाने की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं की है।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजस्थानी गीत का उदाहरण देते हुए कहा कि विवाह में दूल्हे के लिए परिजन महिलाएं गीत गाती है कि ''बन्ना म्हारो केशरियो हजारी गुल रो फूल...''। वैसे ही देश का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान का नेतृत्व करने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हम सबके दूल्हे है। राठौड़ ने कहा कि मेरे पूर्ववर्ती नेतृत्वकर्ताओं ने संगठन को मजबूती देने का और आगे बढ़ाने का काम बड़े शिद्दत से किया है। मैं उनसे प्रेरणा लेकर और उनके मार्गदर्शन में जो विश्वास केंद्रीय नेतृत्व ने जताया है और जो भरोसा कार्यकर्ताओं ने किया है उस पर खरा उतरने में कोई कौर कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश का मान और सम्मान बढ़ा है। विश्व पटल पर भारत का परचम फहराने का काम पीएम मोदी ने किया है। इसकी बानगी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारतीयों को सकुशल निकलवाने का काम किया था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का अभिनंदन करते हुए कहा कि मदन राठौड़ के नेतृत्व में हमसब भाजपा के विचार की इस यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। हमारे कार्यकर्ताओं ने विचार और संस्कार के लिए संघर्ष किया है, जिसका परिणाम है कि पिछले 7 माह में हमने भाजपा के संकल्प पत्र में जनता से किए गए वादों में से 45 फीसदी को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुशासन में जनता परेशान थी, पेपरलीक हो रहे थे। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही एसआईटी का गठन कर पेपर माफियाओं की कमर तोड़ने का काम किया गया। आज 115 से ज्यादा पेपर लीक माफिया जेल की सलाखों के पीछे है।

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते है कि अभी तो मछलियां पकडी गई है, मगरमच्छ बाहर है मैंने उनको भी कहा है और आपको विश्वास दिलाता हूं कि जल्द ही मगरमच्छ भी शिंकजे में होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं के सपने को चकनाचूर करने का काम किया और हम अगले पांच सालों में चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे।

भाजपा के निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस जाति और मजहब के नाम पर देश को बांटने का षडयंत्र कर रही है। उसे रोजे में रोजेदारों के लिए अलग से व्यवस्थाएं करना अच्छा लगता है लेकिन श्रावण के पवित्र माह में कावड़ियों की आस्था का सम्मान करना नागवार गुजरता है। कांग्रेस ने सदा संतों और सनातन का निराधर किया है। इस कारण देश और प्रदेश की जनता ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जोशी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरों की जाति पूछने वाले आज स्वयं की जाति छुपाते घुम रहे है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने मदन राठौड़ जैसे सहज, सरल और जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता को प्रदेश की कमान सौंपी है। इसके लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार और हम सब मिलकर उनके नेतृत्व में काम करेंगे। उन्होंने पीएम मोदी का धन्यवाद दिया कि राजस्थान के दो लाडलों को संसद के दोनों सदनों की जिम्मेदारी सौंपी है, वहीं हमारे दो पूर्व प्रदेशाध्यक्षों गुलाब चंद कटारिया और ओम प्रकाश माथुर को राज्यपाल नियुक्त किया है।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने कहा कि राजनीति में उतार-चढाव आते रहते है, हर किसी को इस दौर से गुजरना पड़ता है। राजनीति में तीन चीजें महत्वपूर्ण है पद, मद और कद। पद और मद तो आते जाते है लेकिन व्यक्ति अपने काम से कद को बना लेता हैं और ये ही उसकी पूंजी है। जनता के प्यार और विश्वास से अर्जित कद स्थाई है जिसे कोई छीन नहीं सकता।

उन्होंने कहा कि भाजपा केवल पार्टी नहीं है, एक परिवार है और इस परिवार की सदस्य होकर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस करती हूं। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इन कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल जी, अटल जी, आडवाणी जी, राजमाता विजया राजे सिंधिया साहिबा, भैंरो सिंह जी जैसे नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर काम किया , जिनके कारण आज पार्टी इस मुकाम पर है।

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि वसुंधरा जी की पूर्ववर्ती सरकार हो या वर्तमान की हमारी भजनलाल जी के नेतृत्व वाली सरकार हमारे लिए लोक कल्याण सर्वोपरि है। ये ही कारण है कि राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ हमारा कार्यकर्ता गांव-ढाणी से लेकर देश और प्रदेश की राजधानी तक काम करता है और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरता है।

उन्होंने कहा कि सीपी जोशी जी के समय अलग चुनौतियां थी, जिसे उन्होंने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर सरकार बनवाने का काम किया। वहीं आज मदन राठौड़ जी के सामने अलग चुनौतियां है। हम सबका पूरा विश्वास है कि अपने अनुभव से संगठन की ऊर्जा का उपयोग करते हुए मदन राठौड़ भाजपा को एक नए मुकाम पर ले जाएंगे।

इस अवसर पर मंच संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने किया और आभार प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने व्यक्त किया। मंच पर राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ प्रेमचंद बैरवा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सतीश पूनिया, अरूण चतुर्वेदी, कौर कमेटी सदस्य कनकमल कटारा, राजेंद्र गहलोत, पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया, नारायण पंचारिया, मुकेश दाधीच, अजयपाल सिंह, प्रभुलाल सैनी, सीआर चौधरी, मोतीलाल मीणा, ज्योति मिर्धा, नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, संतोष अहलावत और ओमप्रकाश भडाना सहित प्रदेश पदाधिकारी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की।

### कार्यक्रम में संत शक्ति का मिला आशीर्वाद

कार्यक्रम में अलग से बने एक मंच पर प्रदेश के प्रख्यात साधू-संत उपस्थित थे। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को संतजनों ने अपना आशीर्वाद दिया। वे मंच पर पहुंचते ही सबसे पहले संत शक्ति के मंच पर पहुंचे और आशीर्वाद लिया। मंच पर पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी महाराज त्रिवेणीधाम, रामदीक्षापाल दास जी महाराज, महामंडलेश्वर कीलकाचार्य हरिदासजी महाराज, काठियावाड पीठाधीश्वर रामरतनदास जी महाराज, स्वामी सुमेदानंद जी सरस्वती, महामंडलेश्वर बाल मुकुंदाचार्य महाराज, परतापुरी जी महाराज, महामंडलेश्वर सियाराम दास जी महाराज, रूपनाथजी महाराज, बजरंग देवाचार्य जी महाराज, महामंडलेश्वर मनोहरदास जी महाराज सहित कई पूज्नीय संत जन उपस्थित थे।

### जयपुर एयरपोर्ट से प्रदेश मुख्यालय तक जोरदार स्वागत

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के राजधानी दिल्ली से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ प्रेमचंद बैरवा, राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम, सांसद मंजू शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, डॉ वासुदेव चावला, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर देहात दक्षिण अध्यक्ष राजेश गुर्जर, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पुरूवंशी सहित भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाव-भीना स्वागत किया। इस दौरान इसके बाद युवा मोर्चा के नेतृत्व में बाइक रैली एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक निकालकर नए प्रदेश अध्यक्ष की अगुवानी की गई। इस दौरान रास्ते में भाजपा के विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठों और सामाजिक संगठनों की ओर से पुष्पवर्षा, ढोल-नगाडों के साथ नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

### विधि विधान पूर्वक संभाली जिम्मेदारी

भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर वैदिक पूजा अर्चना के बाद नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से प्रदेश के नए अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, पूर्व मंत्री कैलाश चौधरी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ प्रेमचंद बैरवा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित प्रमुखजन उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## युवकों ने ताजमहल में कब्रों पर चढ़ाया गंगाजल, अखिल भारत हिन्दू महासभा ने ली जिम्मेदारी


**आगरा/एजेंसी।** शनिवार को दो युवकों ने ताजमहल में गंगाजल चढ़ाया। वह पानी की बोतल में गंगाजल लेकर पहुंचे थे। मुख्य मकबरे में स्थित तहखाने के दरवाजे पर युवक ने गंगाजल चढ़ाया। दरवाजे से तहखाने में स्थित कब्रों तक जाने को सीढ़ियां बनी हैं। हिंदूवादी संगठन ताजमहल को शिव मंदिर तेजोमहालय मानते हैं। इसे लेकर कई याचिकाएं अदालत में विचाराधीन हैं। सावन में ताजमहल को हिन्दू मंदिर बताते हुए उसकी आरती करने और जलाभिषेक करने की मांग समय-समय पर उठती रही है। सावन के सोमवार को कुछ वर्ष पूर्व तक शिवसैनिक यमुना किनारे से ताजमहल की आरती उतारा करते थे।शनिवार सुबह दो युवक ताजमहल पहुंचे। एक के हाथ मे पानी की बोतल थी और दूसरा वीडियो बना रहा था। मुख्य मकबरे में कब्रों वाले कक्ष में प्रवेश करने से पूर्व युवक तहखाना के दरवाजे पर रुक गया। यहां उसने

### पीएम मोदी ने कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

## भारत वैश्विक खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए समाधान ढूंढ रहा है : प्रधानमंत्री

● 75 देशों के लगभग 1,000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केन्द्र (एनएएससी) परिसर में कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए समाधान ढूंढ रहा है। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि कृषि अर्थशास्त्रियों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) 65 वर्षों के बाद भारत में हो रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण, बढ़ती उत्पादन लागत और संघर्ष जैसी वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर टिकाऊ कृषि की तत्काल आवश्यकता से निपटना है। सम्मेलन में लगभग 75 देशों के लगभग 1,000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने कृषि और खाद्यान्न के बारे में प्राचीन भारतीय मान्यताओं और अनुभवों की दीघार्यु पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय कृषि परंपरा में विज्ञान और तर्क को दी गई प्राथमिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने खाद्यान्न के औषधीय गुणों के पीछे संपूर्ण विज्ञान के अस्तित्व का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों के उत्थान में योगदान दिया। भारत में कृषि नियोजन में सभी छह मौसमों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने 15 कृषि-जलवायु क्षेत्रों के विशिष्ट गुणों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में लगभग सौ किलोमीटर की यात्रा करने पर कृषि उपज बदल जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'चाहे वह भूमि पर खेती हो, हिमालय, रेगिस्तान, जल-विहीन क्षेत्र या तटीय क्षेत्र, यह विविधता वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और भारत को दुनिया में आशा की किरण बनाती है।'

### वैश्विक कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया

मोदी ने 'विश्व बंधु' के रूप में वैश्विक कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने वैश्विक कल्याण के लिए भारत के दृष्टिकोण को याद किया और 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य', 'मिशन लाइफ' और 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' सहित विभिन्न मंचों पर भारत द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न मंत्रों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि भारत की आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि भारत के 90 प्रतिशत छोटे किसान, जिनके पास बहुत कम जमीन है, भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं।

### पीएम ने पोषण चुनौती की गंभीरता को भी स्वीकारा

प्रधानमंत्री ने जल की कमी और जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ पोषण चुनौती की गंभीरता को भी स्वीकार किया। उन्होंने श्री अन्न, मोटा अनाज (मिलेट) को सुपरफूड की 'न्यूनतम पानी और अधिकतम उत्पादन' की गुणवत्ता को देखते हुए समाधान के रूप में प्रस्तुत किया। मोदी ने भारत के मोटा अनाज को दुनिया के साथ साझा करने की भारत की इच्छा व्यक्त की और पिछले वर्ष को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाए जाने का उल्लेख किया।

## हिमाचल में बादल फटने से छह की मौत, 47 लापता



**शिमला/एजेंसी।**

हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा कि बादल फटने की घटना से छह लोगों की मृत्यु हुई और 47 लोग लापता हैं जबकि 55 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सक्सेना ने यहां कहा कि बादल फटने के कारण प्रभावित कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में चल रहे बचाव और राहत कार्यों के संदर्भ में आज संबंधित उपायुक्तों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। सक्सेना ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक मशीनरी उपलब्ध करवा रही है। आपदा प्रभावित तीनों जिलों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड और पुलिस बल की टीमें निरंतर राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं। राहत एवं बचाव कार्यों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए ड्रोन की सहायता भी ली जा रही है। राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ द्वारा खोजी कुत्तों की भी मदद ली जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला शिमला में आपदा प्रभावितों को फौरी राहत प्रदान की गई है। जिला कुल्लू के मलाणा गांव में 25 पर्यटक स्थानीय निवासियों के साथ सुरक्षित हैं और श्रीखंड के आसपास के क्षेत्रों में लगभग 300 श्रद्धालु भी सुरक्षित हैं। लोगों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-21 को शीघ्र बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

# रामचरित मानस की बात ही निराली है

यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर' में रामचरितमानस को एशिया पेसिफिक की 20 धरोहरों में शामिल किया गया है। रामचरितमानस पूरे विश्व में श्रद्धा के साथ पढ़ी जाती है। वैसे श्रीराम से जुड़ी घटनाओं पर राम कथा में अनेक ग्रंथ लिखे गए हैं। श्री वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण रामकथा का उत्कृष्ट ग्रंथ है। 20 हजार से अधिक श्लोकों में विस्तृत रामायण सारी दुनिया में चर्चित है।

रामायण और महाभारत को भारत में महाकाव्य कहा जाता है। रामायण और महाभारत में दर्शन है, इतिहास है। तमाम प्रभावशाली आख्यान भी हैं। लेकिन रामचरितमानस की बात ही दूसरी है। रामचरितमानस में भक्ति है, परम सत्ता के प्रति समर्पण है। यह सीधी-सादी सरल भाषा में लिखी गई प्रतिष्ठित संरचना है। इसकी भाषा प्रवाहमान है, सरल है, बिना प्रयास के ही मस्तिष्क से हृदय में पहुंच जाती है। इसकी कथा ज्ञान और भक्ति से भरी पूरी है। तुलसीदास ने स्वयं इस कथा को लोकमंगल का दाता बताया है। मानस बालकांड 6 में तुलसीदास जी ने लिखा है, "कबि न होउँ नहिं चतुर कहावउँ। मति अनुरूप राम गुन गावउँ। कहँ रघुपति के चरित अपारा। कहँ मति मोरि निरत संसारा।" यहां विनम्रता का चरम है। रामचरितमानस भक्ति भाव का ग्रंथ माना जाता है लेकिन तुलसीदास दार्शनिक स्तर पर वेदांती हैं। वे मानस की रचना की शुरुआत में उपनिषदों वाले ब्रह्म की चर्चा करते हैं, "एक अनीह अरूप अनामा। अज सच्चिदानंद पर धामा। ब्यापक बिस्वरूप भगवाना। तेहिं धरि देह चरित कृत नाना"–परमेश्वर एक हैं। वे इच्छारहित हैं। उनका कोई रूप और नाम नहीं है। वे अजन्मा हैं। सच्चिदानंद हैं। परमधाम हैं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। विश्वरूप हैं। उन्हीं भगवान ने दिव्य शरीर धारण करके अनेक प्रकार की लीला की है। ब्रह्म अशरीरी हैं। रूप रहित हैं। सर्वत्र हैं। यह सर्वत्र उसके भीतर भी व्यापक है। वेदांतियों के लिए यह अजन्मा भले ही परमधाम हो लेकिन तुलसीदास इस विराट ब्रह्म को जन्म लेता हुआ देखते हैं। लिखते हैं कि वह भक्तों के हित के लिए शरीर धारण करता है। लीला करता है। तुलसी समाज के कवियों को प्रणाम निवेदन करते हैं–'कलिके कबिन करहुँ परनामा'। रामकथा गाने वाले सभी कवि तुलसीदास के लिए प्रणम्य हैं। काव्य के स्तर पर वेद पुराने हैं। तुलसीदास वेदों की प्रतिष्ठा से परिचित हैं। वे वेदों की वंदना भी करते हैं। कहते हैं, "बंदउँ चारिउ बेद– वेद रामचरितमानस से प्राचीन हैं।" संसार विजयकामी है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में युद्ध में विजय के लिए जरूरी रथ का उल्लेख किया है।

तुलसी कहते हैं, "रावनु रथी बिरथ रघुबीरा/देखि बिभीषन भयउ अधीरा– रावण रथ पर है और श्रीराम रथहीन।" विभीषण दुखी थे, उन्होंने श्रीराम से कहा, "नाथ न रथ नहिं तन पद त्राना/केहि बिधि जितब बीर बलवाना"–श्रीराम के पास न रथ है न कवच। जूते भी नहीं हैं। राम महानायक हैं। अयोध्या के राजकुमार हैं फिर भी रथ आदि का अभाव है। विभीषण के प्रश्न पर श्रीराम कहते हैं, "हे मित्र सुनो, जिस रथ से विजय होती है, वह रथ दूसरा ही है।" श्रीराम युद्ध के मैदान में हैं। लेकिन युद्ध में भी वे राष्ट्रजीवन के आदर्शों की ही चर्चा करते हैं। बताते हैं कि विजय रथ कैसा है, "सौरज धीरज तेहि रथ चाका/सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका। बल बिबेक दम परहित घोरे/छमा कृपा समता रजु जोरे।" श्रीराम कहते हैं कि, "शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिए हैं। सत्य और शील रथ के ध्वज पताका हैं। बल, विवेक, इन्द्रिय संयम व परोपकार उस रथ के घोड़े हैं। ये घोड़े क्षमा, दया और समता रुपी डोरी से रथ में जुड़े हुए हैं।" आगे कहते हैं, "ईस भजनु सारथी सुजाना/बिरति चर्म संतोष कृपाना। दान परसु बुधि शक्ति प्रचंडा/बर बिग्यान कठिन कोदंडा–ईश्वर का भजन रथ का चालक है। वैराग्य ढाल है। संतोष तलवार है। बुद्धि प्रचंड शक्ति। विज्ञान धनुष है। यम और नियम बाण हैं।" श्रीराम कहते हैं, "एहि सम बिजय उपाय न दूजा–इसके अलावा विजय का कोई दूसरा मार्ग नहीं है।" श्रीराम कहते हैं, "जिसके पास ऐसा धर्ममय रथ है उसे जीतने के लिए कोई शत्रु ही नहीं है।" रामचरितमानस में राष्ट्रजीवन की सभी मर्यादा रथ प्रतीक में सम्मिलित है। रामचरितमानस में सबसे अच्छा वर्णन रामराज्य का है। दुनिया में राजव्यवस्था के अनेक मॉडल हैं।

साम्यवाद, समाजवाद, लोककल्याण पर आधारित लोकतांत्रिक संसदीय पद्धति और प्लेटो का दार्शनिकवाद आदि राजव्यवस्था के कई उदाहरण हैं, लेकिन रामराज्य अनूठा, अद्वितीय है। ऐसे राज्य दुनिया की किसी विचारधारा में सपना भी नहीं है। तुलसी इस राज्य पर मोहित हैं। तुलसी ही क्यों लगभग 500 वर्ष पहले लिखी गई रामचरितमानस का एक–एक शब्द जवान है। अजर अमर है। इसके शब्द और अर्थ चिर युवा हैं। राम रस से भरे पूरे। भारतीय अध्यात्म की अग्नि से तप्त। श्रीराम लंका से लौटे, अयोध्या में स्वागत हुआ। तुलसी लिखते हैं, "राम राज बैठे त्रैलोका। हर्षित भए गए सब सोका। बयरु न कर काहू सन कोई।" राम प्रताप बिषमता खोई– गैर बराबरी और विषमता को लेकर आधुनिक राजनीति में काफी नारेबाजी होती है, लेकिन तुलसी जैसा आत्मविश्वास अन्यत्र नहीं मिलता। तुलसीदास रामराज्य में सभी प्रकार के दुख की अनुपस्थित मानते हैं–"दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा। सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।"

गांधी दुनिया के सबसे बड़े सेकुलर और सबसे बड़े धार्मिक नेता थे। डॉ. लोहिया भी ऐसे ही थे। गांधी ने रामराज्य का स्वप्न देखा, लोहिया ने रामायण मेला आयोजित किया। वे रामचरितमानस को रामायण कहते थे। तुलसी का राम राज्य तप मुक्त है। न दैहिक और न दैविक ताप। भौतिक ताप किसी को नहीं होता। तुलसी इसका कारण बताते हैं। सब नर करहि परस्पर प्रीती/चलहि स्वधर्म निरत श्रुति नीती। समाज के सभी सदस्य परस्पर प्रेम करते हैं। वैदिक नीति के अनुसार चलते हैं। रामराज्य में अल्प मृत्यु नहीं। कोई पीड़ा नहीं। सब सुदर्शन हैं। सब स्वस्थ शरीर वाले हैं। कम उम्र में किसी की मृत्यु नहीं होती। गरीबी का नामोनिशान नहीं, "नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना/नहि कोऊ अबुध न लक्षन हीना।" समता और संपन्नता का वर्णन बहुत सुंदर है। वृक्ष हमेशा फूलते–फलते हैं। हाथी और सिंह एक साथ रहते हैं। पक्षी मीठी बोली बोलते हैं। शीतल सुगंधित वायु चलती है। वृक्ष मांगते ही मधुरस टपका देते हैं–लता बिटप मागें मधु चवहीं। गाएं मीठा दूध देती हैं–मनभावतो धेनु पय स्रवहीं। मानस के शब्दों में सम्मोहन है। तुलसीदास ऋग्वेद से सामग्री लेते हैं और उपनिषदों से भी। यह बात वह छुपाते नहीं हैं। लिखते हैं कि यह कथा सभी पूर्ववर्ती ग्रंथों, पुराणों का अंश लेकर रची गई है। वर्षा ऋतु के वर्णन में तुलसी लिखते हैं, "दादुर धुनि चहु दिसा सुहाई। बेद पढ़हिं जनु बटु समुदाई"–वर्षा ऋतु में मेंढकों का गायन बोलना बड़ा अच्छा लगता है। यह वैसे ही बोलते हैं जैसे वेद पाठी बोल रहे हों। यह उदाहरण सीधे वैदिक साहित्य से लिया गया है। रामचरितमानस में प्राचीन भारतीय चिंतन की सभी धाराएं हैं। भारत के लिए प्रसन्नता की बात है कि रामचरितमानस यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर' सूची में है।

# कौन कर रहा ओलंपिक आंदोलन को भारत में मजबूत



आरके सिन्हा

ओलंपिक खेल दुनिया को जोड़ते हैं, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इसके बहाने हर चार सालों के बाद दुनियाभर के खेल प्रेमियों को एक से बढ़कर एक खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन को देखने का मौका भी मिलता है। जो खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में पदक प्राप्त करते हैं, वे सारी दुनिया में अपनी छाप छोड़ते हैं। हमारे अपने देश में फिलहाल ओलंपिक खेलों की विभिन्न स्पर्धाओं को खेल प्रेमी ध्यान से देख रहे हैं। लेकिन, कुछ लोग और संस्थाएं भी ओलंपिक आंदोलन को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती हैं। उनमें राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) और सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ के पूर्व महानिदेशक अश्वनी कुमार जैसे महानुभावों का शानदार योगदान रहा है। जब देश मनु भाकर के कांस्य पदक जीतने पर खुशी मना रहा था, तब राजधानी में ब्रदर्स हाउस में भी मनु भाकर की जीत का जश्न मनाया जा रहा था। वहां रहने वाले ईसाई पादरी इस बात पर और भी खुश थे कि मनु के कोच जसपाल राणा उनसे संबंधित हैं। दरअसल, राणा सेंट स्टीफेंस कॉलेज के छात्र रहे हैं, जिसे दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी (डीबीएस) द्वारा स्थापित किया गया था। दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी (डीबीए) राजधानी में अपने सेंट स्टीफेंस कॉलेज और अब हरियाणा में सोनीपत में सेंट स्टीफेंस कैम्ब्रिज स्कूल के माध्यम से भारत में खेल संस्कृति विकसित करने में उल्लेखनीय काम करते आ रहे हैं। इस कॉलेज ने कई महान ओलंपिक खिलाड़ियों को तैयार किया। यह शिक्षा, समाज सेवा सेवा और उभरते एथलीटों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस कॉलेज ने ऐसे खिलाड़ियों की फौज निकाली है जिन्होंने ओलंपिक या अन्य खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। डॉ. कर्णी सिंह निश्चित रूप से सेंट स्टीफेंस कॉलेज के सबसे प्रसिद्ध ओलंपियन हैं। उन्होंने 1960, 1964, 1968, 1972 और 1980 ओलंपिक में शूटिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रसिद्ध खेल प्रशासक और सेंट स्टीफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र रणधीर सिंह ने भी 1968 से 1984 तक पांच ओलंपिक खेलों में भाग लिया। एक असाधारण निशानेबाज, मनशेर सिंह ने 2004 और 2008 ओलंपिक में भाग लिया। रणधीर सिंह और मनशेर सिंह ने सेंट स्टीफेंस कॉलेज में पढ़ाई की और वहां अपनी शूटिंग कौशल को निखारा। मनशेर "जॉय" सिंह डबल ट्रैप और ट्रैप में विशेषज्ञ हैं। 2008 के ओलंपिक खेलों में, वे ट्रैप क्वालीफिकेशन में पहले स्थान पर रहे। इसके अलावा, उनके पास एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के अनेक पदक हैं। 1994 में विक्टोरिया, ब्रिटिश कोलंबिया में राष्ट्रमंडल खेलों में, उन्होंने ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है कि इनके छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि खेल और अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और आदर्श नागरिक बनें। यह अपने यहां पढ़ने वालों को हर संभव सुविधा प्रदान करते हैं। इसी दृष्टिकोण के साथ, सेंट स्टीफेंस कैम्ब्रिज स्कूल, जो हाल ही में दिल्ली–सोनीपत सीमा पर स्थापित हुआ है, विभिन्न खेलों के लिए आधुनिक सुविधाएँ प्रदान कर रहा है, जिसका उद्देश्य भारत के लिए भविष्य के ओलंपियन तैयार करना है। रोम खेलों के दौरान, सेंट स्टीफंस कॉलेज में गणित के प्रोफेसर रणजीत भाटिया ने मैराथन में भाग लिया था। 2000 के सिडनी ओलंपिक में, सेंट स्टीफंस कॉलेज के पीयूष कुमार ने 4x400 मीटर रिले दौड़ में भाग लिया था, और संदीप सेजवाल ने 100 और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धाओं में भाग लिया था। सेंट स्टीफंस कॉलेज की पूर्व छात्रा, टेबल टेनिस खिलाड़ी नेहा अग्रवाल ने 2008 के बीजिंग ओलंपिक में भाग लिया था। अब बात कर लें अश्वनी कुमार जी की। वे भारत में ओलंपिक खिलाड़ियों की भावी पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। वे बीएसएफ के दूसरे महानिदेशक थे। उन्होंने 1972 के म्युनिख ओलंपिक के बाद ओलंपिक खेलों के सुरक्षा पहलुओं की निगरानी की थी। वे मॉन्ट्रियल (1976), मॉस्को (1980), लॉस एंजिल्स (1984), बार्सिलोना (1992), अटलांटा (1996) और सिडनी (2000) खेलों की सुरक्षा टीम का नेतृत्व कर रहे थे। 1972 के म्यूनिख ओलंपिक खेलों में फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने ओलंपिक गांव पर हमला करके इजरायली टीम के दो सदस्यों को मार भी डाला था।




म्यूनिख के बाद, ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन ओलंपिक खेलों को बिना किसी अप्रिय घटना के आयोजित करने की मांग उठने लगी थी । तब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अश्वनी कुमार से खेलों के सुरक्षा पहलुओं की देखभाल करने का अनुरोध किया। आईओसी को पता था कि वे पुलिसिंग जानते हैं। हॉकी प्रेमी और इम्पीरियल पुलिस (आईपी) अधिकारी (अब भारतीय पुलिस सेवा), अश्वनी कुमार ने म्यूनिख के बाद के ओलंपिक खेलों में, ओलंपिक गांवों और स्टेडियमों सुरक्षा को बढ़ा दिया था। यह भी सच है कि बढ़ी हुई सुरक्षा ने उस उत्सवपूर्ण और खुले माहौल को कम कर दिया जो ओलंपिक का मूल है। लेकिन, म्यूनिख में हादसे के बाद आयोजकों के पास कोई विकल्प भी तो नहीं था।

अश्वनी कुमार को देश ने पहली बार तब जाना था जब उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के हत्यारे सुच्चा सिंह को नेपाल में जाकर पकड़ा था। कैरों राजधानी में अपने मित्र से मिलकर वापस चडीगढ़ जा रहे थे। रास्ते में सोनीपत के पास राई में उनका सुच्चा सिंह और उनके साथियों ने कत्ल कर दिया था। अश्वनी कुमार नेपाल में सुच्चा सिंह का पीछा करते हुए काफी दूर तक भागे थे। दोनों में हाथापाई हुई। पर अश्वनी कुमार के घूंसों की बौछार ने सुच्चा सिंह को पस्त कर दिया था। इससे पहले भारत सरकार ने उन्हें 1951 में सौराष्ट्र के खूंखार डाकू भूपत गिरोह को खत्म करने के लिए भेजा था। वहां पर भी वे सफल हुए थे। हॉकी में तो मानों उनकी जान बसती थी। उन्होंने अपनी एक बेटी का नाम ही हॉकी रख दिया था। पंजाब पुलिस में रहते हुए वे भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष बने। वहां से वे फिर भारतीय ओलंपिक संघ से भी जुड़ गए। बहरहाल, सारा देश यह उम्मीद कर रहा है कि पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के हिस्से में पूर्व के ओलंपिक खेलों से अधिक पदक मिलेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# साहित्य में पर्यावरण जागरुकता



रजत मुखर्जी

साहित्य में पर्यावरण दो तरीके से आता है, प्रकृति चित्रण और देशकाल वातावरण के रूप में। प्रकृति चित्रण आदर्शवादी कविता का प्रमुख विषय रहा। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति को ही अरण्य संस्कृति' कहने पर जोर दिया था। छायावाद (रवीन्द्रनाथ से प्रभावित था) पर्यावरण जागरुकता को वाणी देने की महत्त्वपूर्ण काव्य–विधा थी। जयशंकर प्रसाद जी, निराला, महादेवी वर्मा, पेत जी के काव्य में प्रकृति से परे और कुछ भी नहीं है। दिनकर, अज्ञेय, भवानी प्रसाद मिश्र, नागार्जुन, सर्वेश्वर दयाल शर्मा आदि समकालीन कवियों के काव्य में भी पर्यावरण का स्वर किसी न किसी रूप में सुना जा सकता है।

साहित्य और पर्यावरण में घनिष्ठ सम्बन्ध है। ? आजकल साहित्य हाशिये की चीज माना जाने लगा है। कारण अनेक हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण प्रकृति से कटाव और पर्यावरण से उदासीनता ता है। आज मनुष्य को पता नहीं चल रहा है कि उसके नीचे की धरती खिसकती जा रही है और ऊपर का आसमान विदीर्ण होता जा रहा है। स्थिति यहाँ तक पहुँच गई है कि हम अपनी जमीन से पूरी तरह कटे हुए पर कटे, पक्षी–सा फड़फड़ाने की कोशिश करते हैं लेकिन कोई आवाज सुनाई नहीं पड़ती। फलस्वरूप इस सदी का होनहार इन्सान इस बात से बेखबर है कि वह कितना कुछ में खोता जा रहा है। सम्पूर्ण जगत गुड्डी मगर मुट्ठी को कहाँ कैद है? समुद्र, नही पर्वत, पठार, जंगल – सभी इक्कीसवीं सदी के इशारे पर नाच १० रहे हैं। सृष्टि रचना किसी खास काल, कारण और अवस्था में हुई, शायद वे भूल रहे हैं कि यह रचना तो निरंतर चालू है।

क्षण–प्रतिक्षण रचा जा रहा है, सृष्टि बन रही है, बिगड़ रही है कभी धरती के के ऊपर कभी धरती के नीचे। ऊपर आजोन में छेद और नीचे भूकंप या समुद्री तापमान में वृद्धि। बीच में हम हैं। हमारे उद्योग हैं नई तकनीक और अति प्रोन्नत प्रायोगिकी है। प्रकृति जब तब अपने संकेतों से अपनी हैसियत जताती है। भूकंप, बेतहाशा बरसात, एल को सुखाने वाले सूखा, हिमनदों दिल पिधूलाव, मौसम में बदल बदलाव, का निरंतर उष्णता की अधिकता, नदियों का सूख जाना, धरती के बंजर होने की प्रकृति के ऐसे संकेत तो दूर, द पून्हें सुनने तक की अनियमता आदि अमल करना को कोई तैयार नहीं। हिमालय की पुकार अनसुनी की जा रही है। ग्लेशियर कीलों में तब्दील होते जा हैं। क्या ये हमें महाकवि प्रसादजी के कामायनी की प्रथम पंक्ति को चरितार्थ करता हुआ–सा नहीं' लगता? इसे जल–प्रलय कहे या ग्लोबल वार्मिंग, प्राकृतिक असन्तुलन कहे या ग्रीन हाउस प्रभाव; है तो एक ही चीज प्रलय का आमंत्रण । आज पर्यावरण संरक्षण के समक्ष अनेक चुनौतियाँ हैं। कानून बनाकर हर समस्या के समाधान का संवैधानिक तरीका अथवा अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनरों के जरिए कुछ नीतियाँ तय कर इस संकट से उबरने की कोशिश विगत दशकों से चल रही है। लेकिन गहराई से देखा जाए तो स्थिति बद से बदतर ही हुई है। इन सारी परिस्थितियों का कारण, जहाँ तक मैं समझता हूँ साहित्य से विमुखता ही है। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों संरक्षण के प्रति जो प्रयास किए क सराहनीय होते हुए भी, द्वारा पर्यावरण जा रहे हैं वे इस मायने में असफल ही कहे जाएंगे कि उनमें पर्यावरण के बारे में सही चिन्तन का अभाव है। मनुस्त्म का अस्तित्व बनाम पर्यावरण अभवा विश्व बनाम प्रकृति का सोच और सोचू का ही संघर्ष में इस समय सध नहीं' पा रहा है। में अन्तर है। यह सही है कि संघर्ष पूरिणाम है लेकिन जिस संधर्ष के पीछे कोई सोच न हो वह कुछ भी न होने के इतिहास गवाह है कि फ्रांस, ब्रिटेन, बराबर है। रूस, अमेरिका और भारत में आजादी क्रान्तियों के द्वारा बदलाव इसलिए सोच की सुदृढ़ परम्पराएँ थी। दुन्नीसवी शताब्दी को पुरिवर्तन की संताड़ी कहा जाता है, कारण यह कि वैज्ञानिक उपलब्धियों के साथ–साथ : इसने कुछ ऐसे दार्शनिक, साहित्यकार, चिन्तक पैदाथ किए जिन्होंने पूरे विश्व की तस्वीर ही बदल दी। ऐसो का रिटर्न तूनेचर, इम्मानुएल कांट का 'प्रबोधन, मार्क्स–लेनिन का दुनिया कमजदूरों एक हो की गूंज सम्पूर्ण विश्व में अनगैजे बन गई। एक नया इन्सान, इन्सोनी माहोल और इन्सानियत की कसौटी बनाने में इस शताब्दी ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की। आज से लगभग देड़ सौ सोल पहले भारतेन्दु रेल यात्रा हरिश्चन्द्र ने जबलपुर से इटारसी के बीच चीरे उन्होंने अपनी पत्रिका की थी। क्मि सुधा" के २० जुलाई 1872 पत्र लिखा है– इटारसी कवि के अंक में एक इशन से जो बाहर के स्टेशन आकर मैंने एकबार दृष्टि फेरी तो ज्ञात हुआ कि कैसे देश में और मैदान आया हूँ क्योंकि चर्वदिक में आया दिखने लगा। जंगल और पहाड़ों के जंगल रेल पथ के दोनों ओर के अलावा कुछ। कोई गाँव पड़ता। कासी दूर. तका जिए आप समम लीजिए जए यूहन्‍ और आज गाँवों, कस्बों, राहू दिखाई नहीं कैसा देश है शहूरों के दिखाई नहीं पड़ेगा। जे गेल तो दिखना जंगल भी दुर्लभ है। सिवा कुछ सी दूर, बाग–बगीचों का जनसंख्या विस्फोट और शहरों की बढ़ोतरी की अनूठी कहानी है। खण्डित मन; खण्डित जीवन और खण्डित वातावरण की ने दुनिया को श्मशान जैसा बना दिया है। बड़े बड़े नगरों व महानगरों में वैसे ही पर्यावरण, – प्रदूषण अपूने चरमोत्कर्ष पर है। गाँव जिन्ह "प्रकृति का गोद लिया" माना जाता था, प्रकृति को उजाड़ने में ही व्यस्त है। ऐसी भयावह स्थिति से सचमुच निपटने की शक्ति साहित्य के सिवा और किसमें हो सकती है ? साहित्य– रचना (जिसे सृष्टि की समान्तर संरचना' कहते हैं) पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन–मानस को प्रेरित करनेवाली कि महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। अब साहित्य पर ही भरोसा किया जा सकता है। सभी तरह की उलझनों से मुक्त होकर आज साहित्य को ही आगे आना होगा और धरती से लेकर आकाश तक की कथा–व्यथा का जन–भाषा में आख्यान करना पड़ेगा, तभी सही मायने में पर्यावरण जागरुकता की मंजिल तम हो पाएगी।

# ऐसे 'प्रलय' को कैसे रोकें?

राकेश दुबे

केरल के वायनाड जिले में जल प्रलय से जानमाल की बड़ी क्षति हुए है। प्रलय के बारे में पढ़ा और सुना है। देश के कुछ हिस्सों ने प्रलय को देखा और झेला है। 2013 में केदारनाथ धाम में जो सैलाब आया और तबाही हुई अथवा उत्तरकाशी में भूकंप के बाद जो बाढ़ आई, हमने उन्हें ही प्रलय माना। विनाश और बर्बादी का दूसरा नाम प्रलय है। अब केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू–स्खलन आए और फिर जल सैलाब आया, गांव के गांव दफन हो गए, 400 से अधिक घर देखते ही देखते 'मलबा' हो गए, करीब 200 मौतें हो चुकी हैं और इतने ही लोग लापता बताए जा रहे हैं, यह प्रलय नहीं है, तो और क्या है? यह कुदरती मार नहीं, मानव–निर्मित घटना है, क्योंकि आदमी अपनी ऐयाशी के लिए पहाड़ों को तोड़ रहा है। पहाड़ों की चोटियों पर भी इमारतें बनाई जा रही हैं। केरल में सेना और एनडीआरएफ के जवान वहाँ के नागरिकों को 'देवदूत' लगे, जिन्होंने मलबे में से निकाल कर असंख्य जिंदगियां बचाई। हालांकि केरल की भौगोलिक स्थिति परंपरागत पहाड़ों से भिन्न है, लेकिन देश भर के 80–85 फीसदी भू–स्खलन केरल में ही आते हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मुताबिक, 2015 से 2022 तक 3782 भू–स्खलन आए। उनमें से करीब 60 प्रतिशत केरल में ही आए। मौजूदा हालात पर विशेषज्ञों का मानना है कि अरब सागर का तापमान बढने से बेहद घने बादल बने और उसी से केरल में कम समय में बहुत ज्यादा बारिश हुई। वायनाड पहाड़ी जिला है और पश्चिमी घाट का हिस्सा है। यहां 2100 मीटर तक ऊंचे पहाड़ हैं। मानसून में ये पहाड़ भू–स्खलन के लिए बेहद संवेदनशील हैं। जहां यह त्रासद घटना हुई है, वहां दो सप्ताह से बारिश हो रही थी, लिहाजा पहाड़ की मिट्टी गीली और ढीली हो चुकी थी। इसलिए एक ही रात में लगातार 3 भू–स्खलन आए। जमीन खिसक गई। घर हिलने लगे। पहाड़ दरक कर गिरने लगे। सड़क और पुल ताश के पत्तों की तरह बिखरने और ढहने लगे। जलवायु–परिवर्तन ने भी बारिश की स्थिति और भू–स्खलन की तीव्रता को बढ़ाया है। एक शोध में कहा गया है कि जो वायनाड साल भर बूंदाबांदी और मानसून की बारिश वाला ठंडा, नम वातावरण वाला इलाका होता था, जलवायु–परिवर्तन के कारण अब सूखा, गर्म, लेकिन मानसून के दौरान भारी, तीव्र बारिश वाला क्षेत्र बन गया है।

इस बदलाव से भू–स्खलन का जोखिम बढ़ा है। 2018 के मानसून में भी खूब बारिश हुई थी, तब करीब 400 लोगों की जान चली गई थी। उसके बाद केरल में भू–स्खलन वाला क्षेत्र बढ़ गया है। इस हादसे, संकट या घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बयान दिया है कि उन्होंने 23, 24, 25 जुलाई को केरल सरकार को चेतावनी भेजी थी। फिर 26 जुलाई को भू–स्खलन, भारी बारिश की चेतावनी देते हुए आशंका व्यक्त की थी कि कई जानें भी जा सकती हैं। केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने ऐसी चेतावनियों से इंकार किया है। उनका कहना है कि रेड अलर्ट तब जारी किया गया, जब सैलाब आ चुका था। बहरहाल ऐसे आरोप–प्रत्यारोप से बचना चाहिए। देश में हर राज्य में, हर क्षेत्र में विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसी घटनाओं से सबक भी सीखना चाहिए।

# केरल से हिमाचल तक प्रकृति का रौद्र रूप, लचर आपदा प्रबंधन, सैकड़ों मौतें!




मनोज कुमार अग्रवाल

देश के कई हिस्सों हिमाचल के शिमला कुल्लू किन्नौर उत्तराखंड के हरिद्वार देहरादून चमोली केदारनाथ में बादल फटने की घटनाओं में करीब 25 से अधिक लोगों की मौत हो गई है जबकि एक सौ लोग लापता हैं वहीं केरल के वायनाड जिले में मंगलवार को मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में प्रकृति ने अपना सबसे भयावह रूप दिखाया है वहां आए भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी है । इस प्राकृतिक आपदा के कारण चार गांवों का नामोनिशान खत्म हो गया है अब तक 291 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 200 लोग लापता हैं। यह आंकड़ा अभी और भी अधिक बढ़ सकता है। वहीं भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सेना का राहत व बचाव कार्य जारी है। देश के सबसे समृद्ध प्राकृतिक विरासत में मिली जैव विविधता वाले केरल को ईश्वर का अपना घर कहा जाता है जो प्रकृति के उपहार साल भर हरे रहने वाले पत्तों और विविधता से भरपूर जंगल और साफ समुद्र तटों और पश्चिमी घाट के शानदार परिदृश्यों से धन्य है।

पोराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु के अवतार ऋषि परशुराम ने अपनी कुल्हाड़ी से केरल का निर्माण किया था। केरल एक समय पानी से भर गया था तो ऋषि परशुराम ने अपनी कुल्हाड़ी को पानी में फेंक दिया था जिससे पानी कम हो गया और जो भूमि बनी उसी पर आधुनिक केरल स्थापित है। राज्य में पदमनाधन मंदिर से लेकर सबरीमाला मंदिर तक अनेक आस्था के केन्द्र हैं जिससे केरल भगवान के अपने देश के रूप में लोकप्रिय है। दुर्भाग्य से भगवान के घर में कुदरत के कहर की आपदा प टूट पड़ी है। अपने खूबसूरत प्राकृतिक नजारों के लिए मशहूर वायनाड पर ऐसी प्राकृतिक आपदा आई जिसमें चार गांव का अस्तित्व खत्म हो गया है। मौत का आंकड़ा तीन सौ के पास पहुंच रहा है जबकि सैकड़ों लोगों का अभी अता–पता नहीं है। वायनाड में मंगलवार तड़के पहाड़ से बहकर आए सैलाब ने हाहाकार मचा दिया। इस आपदा ने 11 साल पहले उत्तराखंड के केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा की दुखद यादें ताजा कर दी हैं। जो रात में सोया था उसे उठने तक का मौका नहीं मिला और सुबह मलबे में मिली उनकी लाशें। चारों तरफ बर्बादी को देखकर हर किसी का दिल दहल उठा।

एनडीआरएफ, सेना और अन्य एजेंसियों द्वारा समन्वित और व्यापक बचाव अभियान ने सुनिश्चित किया कि वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से 1,500 से अधिक लोगों को बचाया गया है. सीएम विजयन ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "दो दिवसीय बचाव अभियान में 1,592 लोगों को बचाया गया। इतने कम समय में इतने लोगों को बचाने के लिए समन्वित और व्यापक अभियान की यह उपलब्धि है." उन्होंने कहा कि पहले चरण में आपदा के आसपास के इलाकों के 68 परिवारों के 206 लोगों को तीन शिविरों में शिफ्ट किया गया, इसमें 75 पुरुष, 88 महिलाएं और 43 बच्चे शामिल हैं.भूस्खलन के बाद चल रहे बचाव अभियान में फंसे हुए 1,386 लोगों को बचाया गया. उन्होंने कहा, 'इसमें 528 पुरुष, 559 महिलाएं और 299 बच्चे शामिल हैं, जिन्हें सात



शिविरों में भेजा गया है. दो सौ एक लोगों को बचाकर अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से 90 का अभी इलाज चल रहा है.' विजयन ने कहा कि वायनाड जिले में 82 राहत शिविरों में फिलहाल 8,017 लोग रह रहे हैं इनमें 19 गर्भवती महिलाएं शामिल हैं. मेप्पाडी में आठ शिविर हैं, जहां 421 परिवारों के 1,486 लोग रह रहे हैं। इस भारतीय सेना ने वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान तेज कर दिया है. मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान के तहत भारतीय सेना ने वायनाड में विनाशकारी भूस्खलनों के बाद फंसे लोगों को बचाने के लिए अपने प्रयासों को तेज कर दिया है. चिकित्सा कर्मचारियों सहित लगभग 500 कर्मियों को तैनात किया गया है. मिली रिपोर्ट्स के अनुसार वायनाड से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वह उस तबाही की कहानी बयां कर रही हैं जिसने केरल ही नहीं बल्कि पूरे देश को हिलाकर रख दिया है. दरअसल, सोमवार–मंगलवार 29/30 जुलाई की रात वायनाड में जबरदस्त बारिश आई. रात एक बजे से 5 बजे के बीच तीन बार लैंडस्लाइड हुई और इससे पहाड़ के नीचे चेलियार नदी के कैचमेंट में बसे चार खूबसूरत गांव चूरलमाला, अट्टामाला, नूलपुझा और मुंडक्कई में तबाही आ गई.बड़े–बड़े पत्थर और मलबे में गांव के गांव चपेट में आ गए. कुछ ही देर में सैकड़ों घर मलबे का ढेर बन गए. सैलाब के रास्ते में जो आया बहता चला गया. पेड़ तक जड़ से उखड़ते चले गये. बड़े–बड़े पत्थर और मलबे में गांव के गांव चपेट में आ गए. कुछ ही देर में सैकड़ों घर मलबे का ढेर बन गए.आधी रात के बाद तबाही का वो मंजर कितना खतरनाक रहा होगा इसका अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिस जगह मंदिर हुआ करते थे वो अब सपाट हो चुकी है. मलबे से अबतक 291 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं, अभी भी लैंडस्लाइड वाले इलाकों में लोगों के फंसे होने की खबर है. इन चारों गांव में ज्यादातर चाय बागान के मजदूर रहते हैं. करीब 22 हजार की आबादी है. रात एक बजे जब पहली बार लैंडस्लाइड हुई तब लोग अपने घरों में सो रहे थे. किसी को बचने या भागने तक का मौका नहीं मिला.

आपको बता दें कि इस आपदा से पहले केरल में अगस्त 2018 में आई प्राकृतिक आपदा में 483 लोगों की मौत हो गई थी. इस आपदा को राज्य की 'सदी की बाढ़' कहा गया था. त्रासदी में ना सिर्फ सैकड़ों लोगों की जान गई, बल्कि संपत्ति और आजीविका भी नष्ट हो गई थी. केंद्र सरकार ने 2018 की बाढ़ को 'डिजास्टर ऑफ सीरियस नेचर' घोषित किया था. इस हादसे के बाद 4 लाख परिवारों के 15 लाख से ज्यादा लोगों को राहत शिविरों में पुनर्वासित किया गया था. कुल 57,000 हेक्टेयर कृषि फसलें नष्ट हो गई थीं।

वायनाड में आई प्राकृतिक आपदा को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि वायनाड की भौगोलिक पारिस्थितिकी को तो पहले ही बेहद संवेदनशील माना जाता है। पश्चिमी घाट के नजदीक होने की वजह से वहां भूस्खलन का खतरा बना रहता है। पश्चिमी घाट में तीव्र ढलान है और मानसून में भारी बारिश से मिट्टी ढीली और गीली हो जाती है। यह स्थिति प्राकृतिक रूप से पैदा होती है। इसे तत्काल रोका जाना तो मुश्किल है। इसके लिए एहतियाती उपाय ही किए जा सकते हैं। विशेषज्ञों ने यह भी कहा है कि मानवीय हस्तक्षेप ने बारिश के प्रभाव को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया है। घटते हुए जंगल, लगातार हो रहे निर्माण और कम पौधारोपण होने की वजह से आपदाएं बढ़ रही हैं। रबर के पेड़ की जड़ें मिट्टी को एक साथ नहीं रख सकतीं, जबकि अन्य पेड़ मिट्टी के खिसकने की रफ्तार को धीमा कर सकते हैं या पकड़ सकते हैं। पर्यावरणविदों का यह भी कहना है कि केरल से खाड़ी देशों और अन्य देशों में काम करने गए लोगों ने जब धन अपने परिवारों को भेजना शुरू किया तो धीरे–धीरे खेती कम होने लगी। पेड़–पौधे कटने लगे। केरल हो या उत्तराखंड चाहे हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र सभी जगह प्रकृति का अंधाधुंध मनमाना दोहन किया गया है हरे भरे जंगल की जगह बड़े आलीशान बंगले होटल कोठी फार्म हाउस खड़े हो गए और खेत खलिहान पहाड़ की भूमि में कॉटेज और रिजोर्ट्स बन गए। इस सबका नतीजा है कि मानसून का पैटर्न भी तेजी से अनियमित हुआ है। केरल से लेकर महाराष्ट्र तक पश्चिमी घाट पर भूस्खलन और बाढ़ की घटनाएं बढ़ रही हैं।कुछ लोग केरल की पुन्य धरा पर इस क्षेत्र में परिवर्तित डैमोग्राफी व बड़े पैमाने पर गौकशी को इस आपदा के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। प्रकृति से छेड़छाड़ मानव के मनमाने आचरण का हिस्सा बन गयी है हम संसार के मूल स्वरूप में बदलाव कर अपने अनुसार स्वरूप देना चाहते हैं जो प्रकृति को कतई स्वीकार नहीं है यह तमाम आपदाएं मानव और प्रकृति के टकराव की गवाह बन रहीं हैं। देर सवेर हमें प्रकृति के नैसर्गिक स्वरूप को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेना होगा अन्यथा तबाही के मंजर आते रहेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## न्यूट अपडेट

## उदयपुर पुलिस ने दबिश देकर 370 बदमाशों को किया गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, जयपुर/उदयपुर (खलील कुरैशी)।** जिला पुलिस ने शनिवार अल सुबह एरिया डोमिनेंस के तहत जिले भर में विशेष अभियान चलाया। जिले के 600 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की 120 टीमों ने एक साथ 700 स्थान पर दबिश देकर 370 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु जिले में आदतन अपराधी, प्रकरण में वाछिंत, स्थाई व गिरफ्तारी वारंटियों तथा अन्य आपराधिक पृष्ठभुमि के बदमाशों की धरपकड व एरिया डॉमिनेंस के संबंध में शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, गोपाल स्वरूप मेवाडा व अजंना सुखवाल एवं जिले के समस्त वृताधिकारियों के सुपरविजन में जिले के प्रत्येक थाने में थानाधिकारियों के नेतृत्व में लगभग 120 टीमों का गठन किया गया।जिले में करीब 600 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा बदमाशों की धरपकड हेतु प्रात 05.00 एएम पर एक साथ कार्यवाही की गई। गठित टीमों द्वारा जिले में करीब 700 स्थानों पर दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान टीमों द्वारा आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या/हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, स्थाई वांरटी/उदघोषित, गिरफ्तारी वांरटी, प्रकरण में वांछित व अन्य मामलों सहित कुल 370 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया इनमें आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या/हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में 04, स्थाई वांरटी/उदघोषित, गिरफ्तारी वांरट में 26 व जिले के थानो में विभिन्न धाराओं में दर्ज प्रकरणों में वांछित 29 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया तथा 310 बदमाशों को इंसदादी कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया गया।एसपी गोयल ने बताया की जिले में अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी। पूर्व दिवसों में गंभीर अपराधो में सक्रिय 31 अपराधियों को चिन्हित किया जाकर उन पर निगरानी हेतु हिस्ट्रीशीट पत्रावलिया खोली गई। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अपराध व अपराधियों की सूचना पुलिस को देवे, सुचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

## संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र 3 लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की प्रतापगढ़ इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये राजीव गर्ग संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जिला प्रतापगढ़ को परिवादी से 3 लाख रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की प्रतापगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि सातवें वेतनमान का स्थिरीकरण, पेंशन प्रकरण का भुगतान एवं एरियर का भुगतान करने की एवज में आरोपी राजीव गर्ग संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जिला प्रतापगढ़ द्वारा 3 लाख 50 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एसीबी की प्रतापगढ़ इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी राजीव गर्ग संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जिला प्रतापगढ़ को परिवादी से 3 लाख रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी द्वारा शिकायत से पूर्व भी परिवादी से 50 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे। कार्यवाही के दौरान आरोपी के जयपुर स्थित मकान एवं एक फ्लेट की तलाशी के लिये ए.सी.बी टीम पहुँची तो दोनों बन्द मिले जिन्हें सील किया गया है। माननीय न्यायालय से आरोपी का रिमांड़ लिया जाकर उसकी उपस्थिति में ही उक्त ठिकानों की तलाशी ली जायेगी। एसीबी जयपुर की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३२स्रस्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने किया पौधरोपण



**चमकता राजस्थान, भुसावर (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता समाजसेवी लेखराज सैनी अटारीपुरा ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए पेड़ पौधा लगवाएं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अटारीपुरा अपने भाइयों के साथ पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए बारिश के मौसम में पेड़ पौधा लगाए गए इस वर्ष मेरे गांव के सभी भाइयों द्वारा जगह-जगह पौधारोपण किया जा रहे हैं वो बताते हैं की पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है पेड़ों को नहीं काटने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है लेखराज सैनी अटारीपुरा ने बताया कि हर एक मानव एक पौधा प्रत्येक वर्ष एक पौधा जरूर लगाए इस अवसर पर हमारे बड़े भाई साहब प्रमोद सैनी जी मौजूद रहे ।

## जालोर में डीएसटी व थाना बिशनगढ़ पुलिस ने किया चोरी की आधा दर्जन वारदातों का खुलासा

# गमेती गैंग के छ बदमाशों एवं चोरी के माल के खरीदार को किया गिरफ्तार

➲ **गैंग का सरगना भारमाराम थाना पिंडवाड़ा का हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर अपराधी है**



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/जालौर (खलील कुरैशी)।** जिले की स्पेशल टीम एवं थाना बिशनगढ़ पुलिस की टीम ने चोरी/नकबजनी की वारदातों का खुलासा कर अज्ञात चोरों को ट्रेस आउट कर इन घटनाओं में लिप्त गमेती गैंग के 6 बदमाशों को एवं चोरी के माल के खरीदार को गिरफ्तार किया है। इस गैंग का मुख्य सरगना भारमा राम थाना पिंडवाड़ा जिला सिरोही का हिस्ट्रीशीटर एवं हार्डकोर अपराधी है। जिसके विरुद्ध 12 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। एसपी ज्ञान चन्द्र यादव ने बताया कि सरगना भारमाराम गमेती (30) निवासी भोगिया फली मोरस थाना पिण्डवाडा के अतिरिक्त साथी राजु उर्फ दादिया गमेती निवासी मालेरा थाना पिण्डवाडा, रामाराम गरासिया निवासी कालाबोर उपरला भीमाणा थाना नाणा जिला पाली, शम्भु गमेती निवासी खिला थाना बेकरिया जिला उदयपुर, साहिबाराम गमेती (23) निवासी भोगिया फली मोरस थाना पिण्डवाडा व शेराराम गमेती (25) निवासी क्यारी थाना बेकरिया जिला उदयपुर तथा चोरी के माल के खरीदार हितेश सोनी निवासी घांचीवाडा थाना पिण्डवाडा को गिरफ्तार किया गया है।एसपी यादव ने बताया कि थाना बिशनगढ़, नोसरा व बागरा इलाके के गांवों में सूने पड़े मकान व मंदिर में सिलसिलेवार चोरियों की वारदातों के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल व सीओ गौतम जैन के सुपरविजन एवं एसएचओ पन्नालाल के नेतृत्व में थाना बिशनगढ़ में डीएसटी से विशेष टीम गठित की गई।सिलसिलेवार चोरियों की वारदात में मुल्जिम अज्ञात होने से एसपी यादव के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व सीओ द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना कर एमओबी व एफएसएल टीम को बुला साक्ष्य संकलन किये गये। पूछताछ में सामने आया कि चोर मोटरसाइकिल पर आते हैं, जिनकी फुटेक सीसीटीवी में आ रही है। चोरी की सभी घटनाओं में वारदात का तरीका एक ही था, चोर सामान चोरी कर कुछ दूरी पर कुछ चीज पटक कर जाते थे।डीएसटी टीम प्रभारी बलदेवाराम एवं साइबर एक्सपर्ट त्रिलोक सिंह मय टीम द्वारा फुटेज प्राप्त कर संदिग्धों की तलाश के लिए पाली जिले के नाणा, सिरोही के पिंडवाड़ा व रेवदर एवं उदयपुर साइड में कैंप कर संदिग्धों की पहचान शुरू की। सबसे पहले सन्दिग्ध भारमा राम गमेती को टीम ने 10 किलोमीटर पैदल पीछा कर दस्तयाब किया। जिससे मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो उसने चोरी की वारदात कबूल कर अपने सहयोगियों के नाम पते बता दिए। इसके बाद टीम ने दुर्लभ पहाड़ियों से घिरे हुए अलग-अलग स्थान से शेष आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में उदयपुर एवं सिरोही जिले की पुलिस कर्मियों का सहयोग रहा।गमैती गैंग के गिरफ़्तार मुलजिमों ने पूछताछ के दौरान बताया कि सभी अपने अपने गांवो से शाम के समय पिण्डवाडा मे एक जगह पर एकत्रित होकर चोरी की वारदातो को अंजाम देने के लिए पहले प्लान बनाकर शाम के समय मोटरसाईकल पर सवार होकर जालोर जिले के गांवो के आस पास आकर जंगल मे 08-09 बजे छिप जाते व शराब पार्टी करते है। उसके बाद रात के समय गांवो के अंदर पैदल पैदल जाकर सुने मकानो व मंदिरो के ताले तोडकर नगदी व सोने चांदी के आभुषणो को चुराकर ले जाकर पुन जंगल मे आकर सो जाते है फिर सुबह करीबन 06-07 अपनी अपनी मोटरसाईकलो से पिण्डवाडा जाकर चुराये गये आभुषणो को सस्ते भाव मे वहां सुनार को बेच देते थे, उससे प्राप्त हुये रूपयो से अपनी शौक-मौज व शराब पार्टी मे खर्च करते थे। मुलजिम वारदातो को अंजाम देते समय अपने अपने मोबाईल साथ नही रखते थे।

## भजन संध्या में पायोजी मैंने राम रतन धन पायो रचना ने भक्ति रस में डुबाया



**चमकता राजस्थान, जयपुर।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज डाकिया रे कार्यक्रमों में उभरते भजन गायक कन्हैया शर्मा और रिंकू नागलिया ने अपनी सुरीली आवाज से राजस्थानी गीत एवं भजन की ऐसी अविरल धारा प्रवाहित की दर्शक सावन की फुहार सा आनंद लेने लगे।

नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार कन्हैया और रिंकू ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत राजस्थानी गीत जला सैनण मह तो राज रा,डेरा निरखना आई रे से की ।इसके बाद उन्होंने भजन पायोजी मैंने राम रतन धन पायो को बड़े ही सरीले अंदाज में सुना कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया ।उसके बाद उन्होंने राजस्थान का सुप्रसिद्ध लोकगीत डाकिया रे तू कागज लिख दे,लिख परवानों म्हारो साजन रो और धन म्हारा देश बीकाणा को बड़े ही मनोयोग से गाकर अपनी जाएगी का परिचय दिया ।

कन्हैया और रिंकू ने संगीत की शिक्षा से प्रसिद्ध गायक बुंदू खा से ली ।

इनके साथ सैक्सोफोन पर प्रसिद्ध कलाकार राशिद खान ने अपनी सुरीली संगत से इस संध्या को खुशनुमा बना दिया ।इनके साथ तबले पर प्रसिद्ध तबला नवाज गुलाम फरीद ने अपनी उंगलियों का जादू चलाकर दर्शक की तालियां बटोरी। संयोजक नवल दांगी तथा प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी एवं संगीत विनोद सागर गढवाल ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।

## खेत पर कार्य करने के दौरान अधेढ़ की मौत

**चमकता राजस्थान, नदबई (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव नगला बक्ता निवासी एक किसान की खेत पर कार्य करने दौरान

**जिला चिकित्सालय में उपचार दौरान मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम**

अचानक तबियत बिगडने से किसान अचेत हो गया। परिजनों ने किसान को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उपचार दौरन किसान की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने जांच पडताल कर शव को कब्जे में लिया। बाद में पुलिस ने शव का जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार किसान राधेश्याम जाटव पुत्र सामन्ता जाटव शनिवार सुबह करीब छह बजे खेत पर कार्य कर रहा। इसी दौरान अचानक तबियत बिगडने से अचेत होकर गिर गया। परिजनों ने किसान को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उपचार दौरान जिला चिकित्सालय में किसान की मौत हो गई।

## एसडीआरएफ की कार्रवाई : जल मग्न हुई बंजारा बस्ती में फंसे 8 जनों को किया सुरक्षित रेस्क्यू

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** पिछले दो दिनों से जयपुर में हो रही अत्यधिक बरसात की वजह से बगरू थाना इलाके की बंजारा बस्ती में फंसे आठ जनों को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। इनमें पांच पुरुष एवं तीन महिलाएं हैं एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि पिछले दो दिनों से हो रही अतिवृष्टि के कारण बगरू थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के समीप बसी बंजारा बस्ती में 5 से 7 फीट पानी भर गया, पूरी बस्ती जलमग्न हो गई। बस्ती में कुछ लोगों की फंसे होने की सूचना मिलने पर आपदा राहत एवं बचाव के लिए बटालियन मुख्यालय स्थित एच कंपनी के प्रभारी मुनेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम मौके पर भेजी गई।रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ 4:50 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। टीम कमांडर के निर्देश पर जवान रामजी लाल, दलीप, सागरमल, राम सिंह, मुकेश कुमार, देशराज, प्रकाश, बाबूलाल तथा विजय सिंह सबसे पहले मोटर बोट की मदद से जलमग्न बस्ती में पहुंचे। बस्ती में फंसे पांच पुरुष और तीन महिलाओं को लाइफ जैकेट पहना कर रेस्क्यू बोट से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इन्हें किया रेस्क्यू : जितेंद्र शर्मा पुत्र श्रीराम (40), शिवम कुमार शर्मा पुत्र जितेंद्र, प्रमिला देवी पत्नी जितेंद्र शर्मा (35), बबलू पासवान पुत्र प्रभु (45), सुनीता देवी पत्नी बबलू पासवान (40), अक्षय कुमार पुत्र बबलू पासवान (19), पूजा पासवान पुत्री बबलू पासवान (17) एवं अरुण कुमार पुत्र पंचम सिंह (21) निवासी बंजारा बस्ती औद्योगिक क्षेत्र बगरू को रेस्क्यू किया गया है।

## जयपुर विकास प्राधिकरण ने दिया प्रभावी कार्रवाई को अंजाम, किया अवैध निर्माणों को सील

**चमकता राजस्थान**



**जोन 4 एयरपोर्ट प्लाजा टोंक रोड मंगलम रेडियन्स में ए-1201 के ऊपर ओपन टेरिस पर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के किये गये अवैध निर्माण की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** प्रवर्तन प्रकोष्ठद्वारादिनांकः03.08.2024 को जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित एयरपोर्ट प्लाजा टोंक रोड़ मंगलम रेडियन्स में ए-1201 के ऊपर ओपन टेरिस पर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाचंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर बारा-34(क) का नोटिस जारी कर आज दिनांकः 03.08.2024 को उक्त अवैध निर्माण को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर के भूखण्ड संख्या-ई-88 में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृतिके बने टीनशेडनुमा वर्कशोप की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही। 2. जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित एस. एल. मार्ग लालबहादुर नगर के भूखण्ड संख्या- ई-88 में जेडीए की बिनाअनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ टीनशेडनुमा वर्कशोप के अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांकः 03.08.2024 को उक्त अवैध बिल्डिग के प्रवेश द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से इंटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो, शटर पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।जय जवान कॉलोनी के भूखण्ड संख्या-46 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बने बेसमेन्ट +03 मंजिला अवैध बिल्डिग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही।. जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जय जवान कॉलोनी के भूखण्ड संख्या-46 मेंजेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बेसमेन्ट +03 मंजिला अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांकः 03.08.2024 को उक्त बेसमेन्ट 03 मंजिला अवैध बिल्डिग के प्रवेश द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी। टॉक रोड, कैलाशपुरी प्लॉट नं.-04 में किये गये अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही।4. जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित टोंक रोड़ कैलाशपुरी प्लॉट नं.-04 के द्वारा जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के लोहे के ऐंगल व टीनशेड़नुमा अवैध निर्माण किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर आज जोन-04 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन 04, 10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन मे पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक सम्पन्न



**चमकता राजस्थान, चौमहला /झालावाड़।** गंगधार थाने में आज शाम अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें वृत्ताधिकारी कालूराम वर्मा ,सी आई नंद किशोर वर्मा रहे मौजूद , बैठक में कस्बे की मुख्य समस्या अंडर पास का मुद्दा छाया रहा ,वही आगामी दिनों में 26 अगस्त को जन्माष्टमी ,व मोहर्रम और महादेव शंकर की सवारी एक ही दिन होने से नागरिको ने पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रहे ,इसकी मांग रखी गई व 12 अगस्त को कस्बे में विशाल कलश यात्रा का भी आयोजन कावड़ यात्रा संघ की और से किया जा रहा है उसमें भी अतिरिक्त पुलिस जाप्ता, महिला पुलिस कर्मी लगाने की मांग कांवड़ यात्रा संघ की और से की गई जिस पर एडिशनल एसपी ने अतिरिक्त जाप्ता लगाकर पुलिस की और से सुरक्षा की सारी व्यवस्था किये जाने का आश्वासन दिया, अंडर पास की समस्या पर कहा कि में इसके बारे में जिला कलेक्टर झालावाड़ से मिलकर बात करेंगे व रेलवे के अधिकारियों से चर्चा करेंगे, वही नागरिको ने कॉलेज में व पुलिस थाने में स्टाफ की कमी होने की बात से अवगत कराया, इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने की बैठक में उपस्थित नागरीको को से कहा इन्हें पढ़ाई के लिए बाहर भेझे, जिससे अधिक से अधिक बच्चे प्रशासनिक सेवाओं में आ सके। बैठक में पत्रकार गण व गंगधार,चौमहला के सी एल जी सदस्य सहित दोनों कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नई सोच और नए तरीके के साथ मण्डल कार्ययोजना बना करे आमजन के आवास का सपना साकारः आवासन आयुक्त

चमकता राजस्थान




**जयपुर, 3 अगस्त ।** आवासन आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मण्डल प्रदेश के सभी अंचलों में आमजन को आवास देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने उपयुक्त जमीनों को शीघ्र अवाप्त करने के निर्देश दिए ताकि मण्डल की आवासीय योजनाओं से सभी आमजन लाभान्वित हो सके। साथ ही उन्होंने कहा की एसी संस्थागत संपत्तियों का चिन्हीकरण किया जाये जहाँ आवंटन पश्चात तय समय सीमा के अंदर निर्माण नहीं हुआ है, एसी संपत्तियों का निरस्तीकरण तत्काल प्रभाव से किया जाये।
सिंह शनिवार को राजस्थान आवासन मण्डल मुख्यालय पर सभी सर्किल्स एवं डिविजन्स में आवासीय योजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण विचारणीय बिन्दुओं के संबंध में आयोजित पाक्षिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थें। उन्होंने कहा कि अभियंता पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ आवासों का निर्माण करें। वे निर्मित आवासों के विक्रय का लक्ष्य अविलम्ब प्राप्त कर आमजन को गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराएं।
आवासन आयुक्त ने उप आवासन, वृत्त एवं खण्ड कार्यालयों के डिजिटलाईजेशन पर विशेष दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आवासों से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में अभियंताओं द्वारा ई-सिगनेचर का उपयोग हो ताकि जरूरतमंद आवेदकों को आवास समय पर उपलब्ध हो सके। सिंह ने मण्डल की आवासीय योजनाओं का प्रदेशभर में विस्तार करने के उद्देश्य से जिलों में भूमि चिन्हित एवं अवाप्त करने के प्रस्ताव मुख्यालय प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अभियंता फील्ड में जाकर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों के प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही, प्रिमियम प्रोपर्टी के प्रस्ताव भी अविलम्ब तैयार किए जाए। आवासन आयुक्त ने खाली मकानों के शीघ्र ऑक्शन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नवीन आवासीय योजनाओं के संबध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अभियंता जमीन को अवाप्त करने से पहले कोस्ट बेनेफिट अध्ययन सुनिश्चित करें।

### ● भूमि हस्तान्त्रण की एसओपी बनाएँ व ई- ऑक्शन को बनाए और भी बेहतर

सिंह ने कहा की मण्डल भूमि हस्तान्त्रण की एसओपी बनाकर लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करें साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया की ई -ऑक्शन को भी और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए कार्ययोजना जल्द बनाई जाए।

### ● कोचिंग हब बने पहली पसंद

सिंह ने कहा की शहर में अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटर्स पर कार्रवाई करने के लिए सरकार को पत्र लिखा है। कोचिंग हब में एक ही छत के नीचे सभी सुख सुविधाएँ मिलती है जो इसे सभी कोचिंग संस्थान के लिए सबसे बेहतर और सुरक्षित विकल्प बनाता है। मण्डल द्वारा भी कोचिंग संस्थानों से संवाद स्थापित कर उन्हें कोचिंग हब की जानकारी दी जाए व कोचिंग हब में निवेश के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में मुख्य अभियंता मुख्यालय डी.एस. मीना ,मुख्य अभियंता-प्रथम अमित अग्रवाल , मुख्य संपदा प्रबंधक प्रवीण अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हल्की बारिश ने खोली नगर निगम की पोल

**बिहार।** शनिवार की सुबह थोड़ी देर हुई तेज बारिश ने स्मार्ट सिटी शहर को नरक सिटी में तब्दील कर दिया। नगर निगम द्वारा बरसात के पूर्व नालों की सफाई अभियान की पोल खुल गई। यहां तक कि इस बारिश से आरक्षी अधीक्षक आवास परिसर में भी पानी जमा हो गया है।नगर निगम दावा करता है कि शहर की नालियों की सफाई बेहतरीन ढंग से की जाती है, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। थोड़े समय की बारिश ने ही इन इलाकों में जलजमाव कर दिया, जिससे कई दुकानों में पानी घुस गया। नई सराय से कल्याणपुर होते हुए रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़कों पर कई जगह हमेशा पानी जमा रहता है। कई दुकानों में पानी भर गया। बारिश के कारण इस मार्ग पर एक विशाल पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। अंबेर चौराहे पर भी यही हाल देखने को मिला। पूरा चौराहा पानी से लबालब भरा था। हालात इतने खराब हो गए थे कि इस ओर से पैदल क्या ,वाहनों का गुजरना मुश्किल हो गया था। मिला-जुला कर संपूर्ण शहर की यही हालत हो गई है। बारिश के बाद शहर की कई मुख्य सड़कों पर मोटी-मोटी कीचड़ की परतें जम गई है, जिस पर चलना मुश्किल हो गया है। शहर के विकास के नाम पर नगर निगम द्वारा विभिन्न प्रकार के टैक्सों में वृद्धि की गई है, परंतु सुविधाएं नदारत हैं। शहरवासी नगर निगम को कोस कर अपनी भड़ास निकाल लेते हैं। चुनाव जीतते ही अपना वादा भूल गए मेयर व उप मेयर, बिहारशरीफ नगर निगम, मेयर और मुख्य पार्षद के अधिकारों में कटौती, हर जल नल का जल योजना बिहार में फ्लॉप साबित हुआ।

### पुलिस पर लगा हाजत में पिटाई का आरोप

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने हरपुर थानेदार पर निर्दोष पति को पकड़कर हाजत में बंद कर क्रूरतापूर्वक पिटाई करने का आरोप लगाया है। साथ हीं महिला ने उसके पति को जख्मी करने और 5000 रुपया लेकर छोड़ने और बाकी 10 हजार रुपया का निर्धारित तिथि तक देने का गंभीर आरोप भी पुलिस पर लगाया है। पीड़ित जख्मी विनोद पंडित को शुक्रवार को इलाज के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल लाया गया। पीड़ित के शरीर पर पिटाई के कई निशान बने हुए हैं। पीड़ित की पत्नी उर्मिला देवी ने एएसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।वही एएसपी ने रक्सौल डीएसपी को पूरे मामले की जांच का निर्देश दिया है।पिटाई से जख्मी विनोद पंडित की पत्नी ने बतायी की उसके पति पर आज तक 107 का भी मामला दर्ज नही है।वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है।बावजूद इसके मेरे साथ ज्यादती की गई।उसने बतायी कि शेष पैसा के लिए सादे कागज पर हस्ताक्षर भी करवाया और धमकी दिया गया कि अगर कही भी मुंह खोला तो शराब के केस में पकड़कर जेल भेज देंगे। इस मामले के सामने आने के बाद मोतिहारी पुलिस की कार्यशैली पर लोग गंभीर सवाल खड़ा कर रहे है।

### पौधा संरक्षण के लिए वन पोषक की बड़ी प्रोत्साहन राशि

**बिहारशरीफ।** जल जीवन हरियाली अभियान के तहत मनरेगा योजना से नेहुसा समेत विभिन्न पंचायतों में होने वाले पौधा रोपण की शुरूआत हो चुकी है।योजना के संबंध में मनरेगा जेई प्रदीप कुमार ने बताया कि इस वर्ष नेहुसा पंचायत में 22 सौ पौधा लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने ने बताया कि एक यूनिट में दो सौ पौधा लगाया जाना है। पांच साल की अवधि में पौधा लगाने, उसमें खाद डालने, पौधा का पटवन करने व मजदूरी भुगतान में प्रत्येक यूनिट पर राशि खर्च किया जाता है। उन्होंने कहा सरकारी या निजी भूमि पर पौधे जीवित रखने वाले वन पोषकों को 1960 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। निजी भूमि पर दो सौ पौधे पर एक वन पोषक रहेंगे, जबकि सरकारी भूमि पर दो सौ पौधे पर दो वन पोषक देखभाल करने के लिए रहेंगे। लेकिन पेड़ 80 फीसदी जीवित होनी चाहिए।वहीं नेहुसा पंचायत के पीआरएस प्रियंका कुमारी ने कहा कि अभी तक 400 पौधे सरकारी जमीन पर एवं 400 पौधे निजी जमीन पर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा जितना यूनिट पौधे लगते हैं उतना वन पोशक रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले वर्ष जितना पौधा लगाया गया था ,उसमें 90 फीसदी पौधा जीवित है।

### राष्ट्रीय जनता दल ने निकाला प्रतिरोध मार्च

**भागलपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने एवं केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही रवैया को लेकर राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ के द्वारा शनिवार को प्रतिरोध मार्च निकाला गया, जिसका नेतृत्व महिला प्रकोष्ठ भागलपुर के जिला अध्यक्ष सीमा जयसवाल कर रही थी।

### नदी में डूबी कार और ड्राइवर का शव भी बरामद

**कोलकाता।** शुक्रबार रात गाडूई नदी में डूबी कार आज यानि शनिवार की सुबह बरामद कर ली गई। वाहन आसनसोल नगर पालिका के वार्ड संख्या 22 में कल्याणपुर आवास क्षेत्र से सटे नदी में गिर गया। बताया जा रहा है कि गाडूई सेतु पार करने के दौरान यह हादसा हुआ था। कार में ड्राइवर मौजूद था। फिर एनडीआरएफ की टीम कल यानी शुक्रवार की रात ही मौके पर गई। रेस्क्यू शुरू हुआ। उस वक्त नदी में तेज बहाव था। नतीजा यह हुआ कि गाड़ी एक किलोमीटर से अधिक दूरी पार कर आसनसोल नगर पालिका के वार्ड नंबर 23 के आजाद बस्ती इलाके में चली गयी। एनडीआरएफ की टीम ने आज यानि शनिवार सुबह वहां कार बरामद कर ली। स्थानीय पार्षद सीके रेशमा ने कहा कि चालक का शव वाहन से बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक का नाम चंचल विश्वास है।

ककोलत सौंदर्यीकरण का मुख्यमंत्री नीतीश ने किया लोकार्पण, जनता को समर्पित, कहा

# जलप्रपात का सौंदरीकरण कार्य जरूरी था

एजेंसी

**नवादा ।** बिहार के कश्मीर के नाम से चर्चित प्रसिद्ध शीतल जलप्रपात ककोलत के सौंदरीकरण कार्य का शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकार्पण किया ।इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने की ।मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा की उपस्थित थे।
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 5 करोड़ 71 लाख 93 हजार की लागत से ककोलत जलप्रपात में किए गए सौंदर्य करण कार्य का लोकार्पण किया ।जिसमें प्राकृतिक कुंड ,चेंजिंग रूम ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कैफेटेरिया ,प्रशासनिक भवन ,पर्यटक सूचना केंद्र ,अमानती घर ,पार्किंग ,पेयजल केंद्र ,शौचालय आदि शामिल है। आदिकाल से नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड के जंगली इलाके के एकतारा गांव के पास ककोलत जलप्रपात अवस्थित है। जहां सदियों से अनवरत शीतल जलप्रपात पर्यटकों को सुकून दे रहा है । गर्मी



के दिनों में एक किलोमीटर दूर से ही पर्यटकों को ककोलत शीतलता का अनुभव कराती है।झारखंड के हजारीबाग के लोहदंड पहाड़ी के निकली लोहावर नदी से इस जलप्रपात का उद्गम स्थल है ।जहां से लगातार ठंडे जल का प्रवाह हो रही है ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि दक्षिण बिहार का सबसे महत्वपूर्ण ककोलत शीतल जलप्रपात का सौंदरीकरण कार्य बहुत जरूरी था ।यहां कई राज्यों से पर्यटक आकर गर्मी के दिन में कश्मीर का आनंद लेते हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि और भी कई कार्य बाकी हैं । जिसे जल्द ही निर्माण कर दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ककोलत का सौंदर्य करण पर्यटन की दृष्टि से बड़ा कार्य है। जिससे सरकार ने पूरा किया है । उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अब सैलानियों के लिए काफी सुविधाजनक स्थिति बन गई है ।वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि सरकार ने अथक प्रयास कर ककोलत का सौंदर्य करण किया है। जो बिहार में कश्मीर के नाम से जाना जाता है । यहां का शीतल जलप्रपात गर्मी के दिनों में सैलानियों को सुकून देता है । उन्होंने कहा कि और भी व्यापक बनाने के लिए ककोलत में कई कार्य किए जाएंगे ।ताकि सैलानियों को और भी रमणिकता का अनुभव हो सके । अवसर पर सांसद विवेक ठाकुर ने भी ककोलत के विकास की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री को बधाई दी। स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए ककोलत के सौंदरीकरण के लिए सरकार को धन्यवाद किया ।साथही यहां पर एक बेहतर डाक बंगला बनाने की मांग की। मौके पर मगध प्रमंडल के आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनिल सिंह,नवादा के डीएम आशुतोष कुमार वर्मा, एसपी अंबरीश राहुल, डीसी दीपक कुमार मिश्रा, एडीएम चंद्रशेखर सिंह ,रजौली के एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष,बीडीओ शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे। इसके बाद 2:00 बजे मुख्यमंत्री वारसलीगंज में अदानी के द्वारा स्थापित सीमेंट फैक्ट्री का भी शिलान्यास करेंगे।

## सिलीगुड़ी से अररिया जा रही एक ट्रक में विदेशी शराब बरामद

**किशनगंज।** जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पौआखाली थाना क्षेत्र से एसडीपीओ ठाकुरगंज मंगलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार को पौआखाली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने दल बल के साथ विदेशी शराब की खेप को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिलीगुड़ी से अररिया जा रही एक ट्रक में विदेशी शराब ले जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिसके बाद पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में विदेशी शराब बरामद की गई है। इस संबंध में पौआखाली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने कहा मध्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ट्रक में लदे पावर ट्रांसफार्मर के बने सांचा के अंदर से भारी मात्रा में विदेशी शराब की कार्टून पुलिस ने बदामद की है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई।

## 16 को राज्य में 'खेला होबे दिवस', नवान्न ने क्लबों को वित्तीय सहायता देने की घोषणा की




संवाददाता

**कोलकाता।** इस महीने की 16 तारीख को राज्य में 'खेला होबे दिवस' मनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार प्रत्येक स्वीकृत क्लब को 15,000 रुपये अनुदान देगी। कोलकाता नगर पालिका के 119 नगर पालिकाओं, 6 पौरनिगम, 345 ब्लॉक और 144 वार्डों, जिलों, जीटीए, स्वीकृत क्लबों, आईएफए और अन्य क्लबों को इस दिवस को मनाने के लिए कहा गया है।
'खेला होबे दिवस' मनाने के लिए, नबान्न ने जिलाधिकारियों को एक पत्र भेजा है, जिसमें उन्हें इस खेल कार्यक्रम में छात्रों और युवाओं को शामिल करने के लिए सभी उपाय करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए प्रत्येक जिले में एक अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट और जिला युवा अधिकारी और संबंधित अधिकारियों को एक समिति बनाकर योजना तैयार करने के लिए कहा गया है। उस दिन सभी क्लब फुटबॉल सहित सभी प्रकार के खेलों का आयोजन कर सकेंगे। हर स्थान पर 'खेला होबे दिवस' मनाने के लिए विधायकों, जिला परिषद अध्यक्षों, पंचायत समिति अध्यक्षों, एसडीओ, बीडीओ, पुलिस स्टेशन ओसी, स्थानीय खेल आयोजकों सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित करने के लिए कहा गया है। खेल विभाग ने इस संबंध में गाइडलाइन तैयार कर ली है। बताया गया है कि भारतीय फुटबॉल संघ से संबद्ध क्लब भी उस दिन 'खेला होबे दिवस' मनाएंगे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, कृष्णानगर में सिविक वालंटियर गिरफ्तार



संवाददाता

**कोलकाता।** सिविक वॉलंटियर्स को नौकरी देने के नाम पर ठगी! कृष्णानगर कोतवाली थाना पुलिस ने एक सिविक वालंटियर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान तारक दे के रूप में की गई है। वह कोतवाली ठाणे में सिविक वालंटियर के तौर पर काम कर रहे थे। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसने एक स्थानीय युवक दीपंकर हलदर को भी यही नौकरी दिलाने का वादा किया था। नौकरी न मिलने पर ठगे गए युवक ने अपने नाम से थाने में शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तारक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शनिवार को कृष्णानगर जिला अदालत ले जाया गया था।
पुलिस सूत्रों के मुताबिक दीपंकर नाम का शिकायतकर्ता पेशे से टोटो चालक है। कुछ समय पहले तारक ने उसे सिविक वालंटियर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। आरोप है कि इसके लिए उन्होंने पैसे भी लिए। दीपंकर का दावा है कि उन्होंने इस काम के लिए तारक को करीब 11 हजार रुपये दिए थे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद नौकरी न होने पर वह पैसे वापस चाहता है। लेकिन नौकरी तो दूर, पैसा भी नहीं लौटाया। आखिरकार दीपंकर ने 31 जुलाई की रात को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करायी। उनकी शिकायत के आधार पर आरोपी सिविक वालंटियर को शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया गया।
कुछ दिन पहले पुलिस ने स्कूल में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने के आरोप में कृष्णानगर के कोतवाली के थाना क्षेत्र निवासी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम रामकृष्ण मंडल और अनिर्वाण मंडल हैं।

## मूसलाधार बारिश में डूबा कोलकाता एयरपोर्ट, सड़कों पर भरा पानी



संवाददाता

**कोलकाता।** भारी बारिश से बंगाल बह गया। बुधवार से बारिश शुरू हो गयी थी। बारिश की तीव्रता बढ़ गई। शनिवार सुबह कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है। ऐसे में कोलकाता एयरपोर्ट के अंदर पानी जमा हो गया है। एयरपोर्ट पार्किंग बे, पानी के नीचे एप्रन क्षेत्र। हालांकि रनवे पर पानी जमा नहीं हुआ। हालांकि खराब मौसम के कारण सुबह उड़ानें देर से हुईं, लेकिन कोई उड़ान रद्द नहीं की गई। एयरपोर्ट ही नहीं, कोलकाता, हावड़ा, साल्ट लेक, बैरकपुर की सड़कों पर पानी भर गया है, दक्षिण बंगाल के जिलों में भी हालात ऐसे ही हैं। लगातार चार दिनों की बारिश के कारण कई घरों की निचली मंजिलें पानी में डूब गई हैं। नदी का जलस्तर बढ़ गया है। कब सुधरेगा हालात? मौसम विभाग के अनुसार गहरे दबाव, सक्रिय मानसून अक्षरेखा के प्रभाव से गंगीय पश्चिम बंगाल में भारी बारिश हो रही है। कोलकाता समेत गंगीय पश्चिम बंगाल के जिलों में शनिवार को भी भारी बारिश हुई। हालांकि दोपहर बाद बारिश की मात्रा कम हो गयी। ऐसे में येलो अलर्ट जारी किया गया है। कोलकाता के साथ पुरुलिया, पश्चिम बर्दवान, मुर्शिदाबाद और बीरभूम में मध्यम बारिश होगी। बांकुरा, पूर्वी बर्दवान, हुगली, नादिया और उत्तर और दक्षिण 24 परगना में बारिश की संभावना अधिक है। रविवार से दक्षिण बंगाल में बारिश की संभावना और कम हो जायेगी। हालांकि, अगले बुधवार तक हल्की से मध्यम बारिश होगी। वहीं, उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, अलीपुरद्वार, कूच बिहार और जलपाईगुड़ी जिलों में शनिवार भारी बारिश हुई। रविवार को कूचबिहार, अलीपुरद्वार और कलिम्पोंग में भारी बारिश की संभावना है।

## पिंकसिटी प्रेस क्लब कार्यकारिणी सदस्या शालिनी श्रीवास्तव ने प्रेस क्लब की डेयरी के लिए भेंट किया 515 लीटर का डीप फ्रीज़र



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** पिंकसिटी प्रेस क्लब की कार्यकारिणी सदस्या एवं हीलव्यू समाचार-पत्र की संपादक शालिनी श्रीवास्तव ने शनिवार को डेयरी के लिए 588 पावर का 515 लीटर का डीप फ्रीज़र भेंट किया। इस दौरान पिंकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़, महासचिव योगेन्द्र पंचौली, कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य सत्य पारीक,विमल तंवर सहित वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा,हरिसिंह,रामेंद्र सोलंकी,कुलदीप गुप्ता,कानाराम कड़वा,दिनेश जोशी,शंकर शिखर,रामसिंह राजावत,दिनेश अधिकारी सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे। डीप फ्रीज़र की पूजा करके सबको प्रसाद वितरित किया गया। पिंकसिटी प्रेसक्लब के अध्यक्ष एवं महासचिव ने इस भेंट की प्रशंसा करते हुए हौसला अफजाई की।

## पुलिस ने 572 कार्टन में 5148 लीटर विदेशी शराब किया बरामद

एजेंसी

**किशनगंज।** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पौआखाली थाना क्षेत्र से एसडीपीओ ठाकुरगंज मंगलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पौआखाली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने दल बल के साथ विदेशी शराब की खेप को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार सिलीगुड़ी से अररिया जा रही एक ट्रक में विदेशी शराब ले जाने की सूचना पुलिस को मिली थी, जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई में विदेशी शराब बरामद की गई है। पौआखाली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि बीते रात्रि में मध निषेध इकाई पटना से गुप्त सूचना मिली की एक ट्रक में अवैध शराब की तस्करी कर सिलीगुड़ी की तरफ से बहादुरगंज की तरफ लाया जा रहा है। प्राप्त सूचना पर मीरभीटा के समीप ठल27ए पर वाहन



चेकिंग किया जा रहा था। इसी क्रम में एक लाल रंग का ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर वढ 38अळ 3465 अंकित था और एक बड़े ट्रांसफार्मर जैसा कंटेनर लदा था की जांच किया गया तो संदिग्ध लगा। अत्यधिक तेज बारिश एवं कंटेनर खोलने का कोई उपकरण नहीं रहने के कारण एसडीपीओ ठाकुरगंज को सूचित करते हुए ट्रक को अपने कब्जे में लेकर जांच हेतु थाना लाया गया। कंटेनर को गैस कटर की मदद से काटने पर 572 कार्टूनों में 5148 लीटर मैक डोवल नंबर वन विदेशी शराब बरामद हुआ। तत्पश्चात वाहन के चालक शेर मोहम्मद पिता शाहनवाज, शाह आलम पिता-मेहंदी हसन दोनो जड़ौदा थाना किठौर जिला मेरठ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।




## एक्शन सीरीज रक्त ब्रह्माण्ड का दिलचस्प पोस्टर के साथ एलान

### राज एंड डीके की जोड़ी करेगी धमाल

फिल्म मेकर्स राज एंड डीके ने एक और नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका नाम रक्त ब्रह्माण्ड है. जिसकी अनाउंसमेंट नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर की. फिल्म की कास्ट जल्द अनाउंस होगी लेकिन रिपोट्र्स के मुताबिक इसमें अली फजल और सामंथा रूथ प्रभु नजर आ सकते हैं हालांकि अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट बाकी है. ओटीटी प्लेटफॉर्म ने एक दिलचस्प पोस्टर के साथ इसकी घोषणा की. इस शो का निर्देशन तुम्बाड फेम राही अनिल बर्वे करेंगे. राज और डीके की नई नेटफ्लिक्स सीरीज के अनाउंसमेंट पोस्टर में एक मुकुट की तस्वीर है, जिसके हर कोने से खून टपक रहा है. राजकुमार राव, दुलकर सलमान और आदर्श गौरव-स्टारर गन्स एंड गुलाब्स के बाद नेटफ्लिक्स के साथ राज और डीके का यह दूसरा कोलेबोशन है. रक्त ब्रह्माण्ड: द ब्लडी किंगडम का पहला पोस्टर शेयर करते हुए नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा गया- हमें बड़ी खबर मिली है जो आपके खून में हलचल मचा देगी! हम अपनी पहली एक्शन-फैंटेसी सीरीज को अनाउंस करते हुए काफी एक्साइटमेंट हो रही है. यह सीरीज एक रोमांचक और रोमांचक कहानी का वादा करती है, जो एक फिक्शनल साम्राज्य में सेट है, जिसमें पावरफुल एक्शन और शानदार सीन देखने को मिलेंगे. शूटिंग जल्द ही शुरू होगी वहीं कलाकारों का ऑफिशियल अनाउंसमेंट होना अभी बाकी है. नेटफ्लिक्स के साथ अपने रोमांचक कोलेबोशन के बारे में बात करते हुए, राज और डीके ने कहा- हमारे लिए भी यह कुछ नया है जो इसे और भी रोमांचक बनाता है. हमारा लक्ष्य एक ऐसी फिक्शनल दुनिया बनाना है जो हमें बचपन में सुनी गई कहानियों की याद दिलाता हो. नेटफ्लिक्स के साथ काम करना शानदार रहा है और रक्त ब्रह्माण्ड के लिए भी हम काफी एक्साइटेड हैं. इसके बाद, राज और डीके की सिटाडेल का हिंदी वर्जन रिलीज करेंगे. जिसमें वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु लीड रोल में हैं, यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी.

# जरीन खान नहीं करेंगी शादी

### बोलीं- खाने की तरह इंसान को भी स्वाइप कर रहे लोग



अभिनेत्री जरीन खान भले ही फिल्मों में अपनी पहचान बनाने में नाकाम रही हों, लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग अच्छी-खासी है और सोशल मीडिया पर वह अपने प्रशंसकों से जुड़ी रहती हैं।जरीन की खूबसूरती पर उनके प्रशंसक जान छिड़कते हैं। कुछ समय पहले उनका अभिनेता देवाशीष मिश्रा से नाम जुड़ा था। हालांकि, फिर उनकी राहें जुदा हो गईं।हाल ही में जरीन ने बताया कि वह शादी नहीं करना चाहतीं। उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया से अपनी शादी की योजना पर जरीन बोलीं, मुझे नहीं करनी कोई शादी। मेरी जिंदगी की यही सच्चाई है कि मैं कभी शादी नहीं करना चाहती। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इसे क्या कहते हैं। आजकल चीजें जिस तरह से हैं, शादी हुई और 3 महीने में छोड़ दिया। जिस तरह से लोग फोन पर खाना स्वाइप करके घर मंगा रहे हैं, उसी तरह से इंसान भी स्वाइप करके घर आ रहे हैं। इसके अलावा भारती ने उनसे पूछा कि क्या उनके माता-पिता की तरफ से उन पर शादी का दबाव है तो वह बोलीं, कोई दबाव नहीं है घरवालों का। दबाव तभी आता है जब मेरी मां शादी देखती है और कहती है, तुम भी कर लो शादी अब। वह कहती हैं घर पर लोग आते हैं। नाचते-गाते हैं, अच्छा लगता है।अभिनेत्री बोलीं, मैं मां से कहती हूं कि ऐसे ही बुलाकर नचवा लो। मैं खुश अच्छी नहीं लग रही आपको? जरीन बोली, बहुत अजीब जमाना चल रहा है। मुझे मेरे नाना-नानी, दादा-दादी की जो लव स्टोरी थी, वो चाहिए। वो मरते दम तक एक-दूसरे के साथ थे, ऐसा कोई शख्स मिलना आज के जमाने में मुश्किल है। मेरी रिश्तेदारी में रिश्ते मेरे पास आते होंगे तो पता नहीं, मेरे सामने तो अभी तक ऐसा कोई नहीं आया।जरीन ने इससे पहले एक इंटरव्यू में बताया था कि वह जिंदगीभर साथ रहने वाले रिश्ते पर भरोसा करती हैं। जरीन ने अपने हालिया इंटरव्यू में सलमान खान के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, सलमान से हमेशा ही मुझे वो डर रहता है। डर से ज्यादा, डराना, लेकिन वह बेहद भले इंसान हैं और नेक दिलवाले हैं।जरीन, सलमान की फिल्म वीर से बॉलीवुड में आई थीं। वह हाउसफुल 2 और हेट स्टोरी 3 जैसी कई फिल्मों में दिखीं, लेकिन उन्हें खास सफलता नहीं मिली।उनकी आखिरी फिल्म 2021 में आई हम भी अकेले तुम भी अकेले थी।



## बॉक्स ऑफिस पर कल्कि 2898 एडी की रफ्तार हुई कम

### 35वें दिन लाखों में सिमटी कमाई

भले ही प्रभास स्टारर 'कल्कि 2898 एडी को रिलीज़ हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अब भी धमाल मचा रही है.दरअसल फिल्म की दमदार कहानी और इसकी मेगा स्टार कास्ट ने ऑडियंस को मोह लिया है जिसके चलते फिल्म का क्रेज अब भी बना हुआ है. दिलचस्प बात ये है कि एक महीने पुरानी ये फिल्म कई लेटेस्ट फिल्मों से ज्यादा कमाई कर रही है और अपने कलेक्शन में हर दिन करोड़ों का इजाफा कर रही है. 'कल्कि 2898 एडी की कमाई पर गौर करें तो फिल्म का पहले हफ्ते का कारोबार 414.85 करोड़, दूसरे हफ्ते की कलेक्शन 128.5 करोड़, तीसरे हफ्ते का कारोबार 56.1 करोड़ और चौथे हफ्ते का कलेक्शन 24.4 करोड़ रहा. वहीं पांचवें हफ्ते के पांचवे फ्राइडे फिल्म ने 125 करोड़ कमाए. जबकि पांचवें शनिवार को 2.9 करोड़, पांचवें रविवार 4 करोड़, पांचवें सोमवार 1.05 करोड़ और पांचवें मंगलवार को 95 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 35वें दिन यानी पांचवें बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'कल्कि 2898 एडी ने पांचवें बुधवार को 95 लाख रुपये कमाए हैं. इसके बाद 'कल्कि 2898 एडी का पांच दिनों का कुल कलेक्शन अब 634.32 करोड़ रुपये हो गया है.



## प्रियंका चहर चौधरी ने फ्लोरल क्रॉप टॉप पहन बिखेरा जलवा

### एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने फैंस के उड़ाए होश

बिग बॉस फेम प्रियंका चाहर चौधरी (क्कहृद्ध4इ्ठ्ठद्मइ ष्टद्धशह्वस्त्रद्धइह्म(4) फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। सीरियल उड़ारियां में एक्टिंग का जलवा बिखेरने वाली प्रियंका चौधरी फैशन सेंस से सुर्खियों पर छाई रहती हैं। एक्ट्रेस व बिग बॉस का हिस्सा रह चुकीं प्रियंका चहर चौधरी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं. साथ ही उनके फैंस भी उन्हें दिलो जान से चाहते हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपकी आंखें ठहर जाएंगी. प्रियंका ने फ्लोरल क्रॉप टॉप पहना है, लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर ओपन रखे हैं और सेक्सी पोज दे रही हैं. एक्ट्रेस की हॉट तस्वीरें देख यूजर्स बावले हो उठे हैं और कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी व रेड हार्ट इमोजी की बारिश करने में जुट गए हैं. प्रियंका चाहर बिग बॉस से पहले ये है चाहतें, गठबंधन और सावधान इंडिया जैसे सीरियल्स में काम कर चुकी हैं। प्रियंका अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस से अच्छे अच्छे के अरमानों को डोलाने का हुनर जानती हैं। प्रियंका का असली नाम परी चौधरी बताया जाता है, लेकिन कहा जाता है कि न्यूमरोलॉजिस्ट के कहने पर उन्होंने अपना नाम प्रियंका कर लिया। उल्लू के वेब सीरीज '3जी गाली गलोच गर्ल्स में भी एक्ट्रेस को देखा गया, जिसमें वो लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आईं।

## जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा का ट्रेलर हुआ रिलीज, सामने आया अभिनेता का धांसू अवतार





जॉन अब्राहम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनका नाम भले ही इंडस्ट्री के बड़े सितारों में शुमार नहीं हुआ, लेकिन वह अपने दम पर दर्शकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे।पिछली बार शाहरुख खान के साथ फिल्म पठान में दिखे जॉन की अगली फिल्म वेदा का उनके प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है, जिससे जुड़ीं तमाम रोचक जानकारियां सामने आ चुकी हैं।अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक्शन के मामले में जॉन का कोई जवाब नहीं और वेदा के जरिए फिर उन्होंने यह साबित कर दिया है।जॉन के साथ-साथ ट्रेलर में अभिनेत्री शरवरी वाघ का भी एक्शन अवतार देखने लायक है, जो अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए जद्दोजहद करती दिख रही हैं।उधर मौनी रॉय और अभिषेक बनर्जी की झलक भी ट्रेलर में दिखाई गई है, वहीं जॉन के साथ तमन्ना भाटिया की जोड़ी भी फिल्म में जंच रही है। वेदा 15 अगस्त को सिनेमाघरों का रुख करेगी। हालांकि, इस दिन यह अकेले सिनेमाघरों में दस्तक नहीं दे रही है। फिल्म स्त्री का दूसरा भाग स्त्री 2 भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगा। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव जैसे कलाकार भूमिका में नजर आएंगे।दूसरी ओर एक्शन थ्रिलर पैन इंडिया फिल्म डबल इस्मार्ट भी काफी चर्चा में है। यह भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। संजय दत्त भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, चाहे कुछ भी कहो, लेकिन जॉन अपनी हर फिल्म में कुछ अलग ट्राय करते हैं।एक ने लिखा, जॉन आ रहे हैं, वो भी स्वतंत्रता दिवस पर मतलब एक सुपरहिट फिल्म मिलने वाली है।एक ने लिखा, जॉन के साथ शरवरी का भी एक जुदा अवतार देखने को मिल रहा है।एक लिखते हैं, वाह! जबरदस्त, जोरदार और शानदार।कुछ ने तो जॉन की परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार तक की मांग कर दी है। बता दें वेदा के प्रोडक्शन का काम भी जॉन ने ही संभाला है।जल्द ही उन्हें फिल्म द डिप्लोमेट में भी देखा जाएगा। इसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है, जो नाम शबाना और मुखबिर जैसी फिल्में और वेब सीरीज बना चुके हैं।इसके अलावा उनकी फिल्म तेहरान आने वाली है, जिसमें उनके साथ मानुषी छिल्लर नजर आएंगी। उनकी फिल्म तारीख भी कतार में है।इन सभी फिल्मों से जॉन बतौर निर्माता भी जुड़े हुए हैं।



## धनुष की रायन बॉक्स ऑफिस पर उड़ा रही गर्दा, 60 करोड़ की करीब पहुंची कमाई

वैसे तो इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर डेडपूल एंड वूल्वरिन, कल्कि 2898 एडी जैसी फिल्मों का जलवा देखने को मिल रहा है. लेकिन इसी के साथ एक और फिल्म है जो कि बिना किसी शोर-शराबे के मस्त चल रही है और ठीक-ठाक कमाई कर रही है, वह है साउथ की फिल्म रायन. धनुष की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी ओपनिंग की थी. इसके बाद से फिल्म की रफ्तार कम होने का नाम ही नहीं ले रही है और धाकड़ अंदाज में फिल्म दौड़े जा रही है.



फिल्म भारत में तो 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर ही चुकी है, वहीं वर्ल्डवाइड भी धड़ल्ले से आगे बढ़ रही है. वीकेंड के अलावा फिल्म वीकडेज में भी अच्छी कमाई कर रही है. 26 जुलाई को हुए रायन के प्रीमियर के बाद फिल्म ने बेहतरीन कमाई के जरिए सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा. बढ़िया ऑक्यूपेंसी के साथ फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई है. एसजे सूर्या, संदीप किशन, कालिदास जयराम, अपर्णा बालमुरली, दुशारा विजयन, प्रकाश राज और सरवनन सहित शानदार कलाकारों के साथ, रायन टिकट खिड़कियों पर कब्जा जमाए है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो सैकनिल्क के अनुसार शुरुआती पांच दिनों में फिल्म ने करीब 53 करोड़ की कमाई की है. रायन के छठे दिन का कलेक्शन देखें तो सैकनिल्क के अनुसार रायन ने सभी भाषाओं में चार करोड़ के आसपास का कलेक्शन किया है. इसके साथ फिल्म की कुल कमाई 57 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं बुधवार 31 जुलाई, 2024 को रायन की तमिल ऑक्यूपेंसी पूरे दिन अलग-अलग रही. सुबह के शो में यह 14.27त्न, दोपहर के शो में 19.50त्न, शाम के शो में 20.82त्न और रात के शो में 24.03त्न. जिससे कुल ऑक्यूपेंसी रेट 19.66त्न रहा. उसी दिन तेलुगु ऑक्यूपेंसी 16.26त्न थी, जबकि हिंदी ऑक्यूपेंसी 9.18त्न थी. धनुष की रायन को दुनियाभर में करीब 1600 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था. 90 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म कुछ दिन में बेहतरीन कमाई के जरिए कम से कम बजट तो निकाल ही लेगी. बता दें कि रायन की कहानी एक निर्दोष व्यक्ति की है, जो अपने परिवार की हत्या के बाद बदला लेने की चाह में अंडरवर्ल्ड में उलझ जाता है. धनुष द्वारा निर्देशित इस बेहतरीन रिवेंज ड्रामा को इसके स्क्रीनप्ले और एआर रहमान द्वारा दिए गए म्यूजिक के लिए काफी सराहा जाता है.

## एक्शन ड्रामा फिल्म उत्तराखंड से शिव राजकुमार का फर्स्ट लुक आया सामने



टीम उत्तराखंड ने करुणादा चक्रवर्ती डॉ. शिवराजकुमार के जन्मदिन के अवसर पर उनके बहुप्रतीक्षित लुक का खुलासा किया है। मालिका की भूमिका में शिवन्ना के लुक ने उत्साह को जगा दिया है। टीम उत्तराखंड ने पात्रों और उनके पोस्टरों को पेश करने के लिए एक अनोखे तरीके का इस्तेमाल किया है, और अब शिवन्ना के लुक को सामने लाकर वे चर्चा का विषय बन गए हैं। खून से सना चेहरा और शरीर शिवन्ना की एक बहुत ही उग्र छवि को दर्शाता है, और इसने उत्सुकता को बढ़ा दिया है। रोहित पादकी द्वारा निर्देशित और केआरजी स्टूडियो के बैनर तले कार्तिक गौड़ा और योगी जी राज द्वारा निर्मित सैंडलवुड की सबसे प्रतीक्षित फिल्म उत्तरकांड प्रसिद्ध भारतीय गायक, संगीतकार अमित त्रिवेदी ने फिल्म के लिए संगीत तैयार किया है। अद्वैत गुरुमूर्ति फोटोग्राफी के निर्देशक हैं, विश्वास कश्यप कला निर्देशक हैं और अनिल अनिरुद्ध संपादक हैं। उत्तरकांड एक एक्शन ड्रामा है जिसमें करुणादा चक्रवर्ती डॉ.शिवराजकुमार, नटराक्षस दाली धनंजय, भावना मेनन, ऐश्वर्या राजेश, दिगंत मनचले और अन्य कलाकार हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश में फिर से विरोध-प्रदर्शन शुरू




**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में शुक्रवार को एकबार फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। यह विरोध प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ है। यह विरोध प्रदर्शन देशभर में बड़े पैमाने पर हिंसात्मक घटना बढ़ने और 200 से अधिक लोगों की मौत के बाद थमा था। फिर से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन हाल की घटना में मारे गए लोगों के इंसाफ की मांग को लेकर किया जा रहा है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में दो हजार से अधिक प्रदर्शनकारी एकत्र हुए, जिनमें से कुछ लोग तानाशाह मुदार्बाद और पीड़ितों के लिए इंसाफ के नारे लगा रहे थे, जबकि पुलिस अधिकारी उनके चारों ओर घेरा बनाकर खड़े थे। ढाका के उत्तरा इलाके में पुलिस और दर्जनों छात्रों के बीच झड़प हुई, जबकि सुरक्षा अधिकारियों ने पत्थरबाजी कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और स्टन ग्रेनेड दागे। प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार पिछले महीने से छात्रों के प्रदर्शनों का सामना कर रही है और फिलहाल इन प्रदर्शनों के मंद पड़ने का कोई संकेत नहीं है।

### बागपत : अस्पताल में बच्ची के जन्म पर नहीं ली जाती फीस, दिया जाता उपहार



**बागपत।** जनपद में एक ऐसा अस्पताल है, जहां बच्ची के जन्म पर कोई फीस नहीं ली जाती है बल्कि अस्पताल प्रशासन उल्टा परिवार को ही उपहार देता है। बच्ची के जन्म पर अस्पताल को सजाकर बहुत ही हर्षोउल्लास से उसके आगमन पर जश्न मनाया जाता है। जिले में बड़ौत के मैट्रो केयर हॉस्पिटल के मैनेजिंग डॉयरेक्टर विपिन चौहान ने बताया कि हमारे प्रबंधक ने 14 जुलाई को एक घोषणा की है। अस्पताल में नार्मल हो या फिर सिजेरियन, दोनों ही प्रकार से अगर अस्पताल में बेटी का जन्म होता है तो किसी प्रकार का चार्ज नहीं लिया जाएगा। इतना ही नहीं बेटी के जन्म होने पर अस्पताल में जश्न मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात्रि बरवाला गांव की प्रसूता ने एक स्वस्थ और सुंदर बेटी को जन्म दिया। नॉर्मल डिलीवरी होने के बाद जच्चा-बच्चा दोनों ही स्वस्थ है।

### बाइक चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**हरिद्वार।** लक्सर कोतवाली पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की बाइक बरामद की है। पकड़ा गया आरोपित चोरी के मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है। जानकारी के मुताबिक 2 अगस्त को सावेज अली पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम नेहन्दपुर सुठारी, लक्सर हरिद्वार ने कोतवाली लक्सर पुलिस को तहरीर देकर अपनी बाइक 31 जुलाई को केशवनगर से चोरी होने के सम्बन्ध में ई-एफआईआर दर्ज करायी थी। मुकदमा दर्ज होने के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने चेकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र स्थित श्री सीमेन्ट फैक्टरी के पास से आरोपित को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### फिलीपींस में 6.8 तीव्रता का भूकंप

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से में आज तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.8 दर्ज की गई। फिलहाल सुनामी की किसी भी तरह की चेतावनी जारी नहीं की गई है। फिलीपींस की भूकंप विज्ञान एजेंसी का कहना है कि भूकंप के कारण किसी के भी हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। उल्लेखनीय है कि फिलीपींस में नियमित रूप से भूकंप आते रहते हैं। फिलीपींस के समाचार पत्र द मनीला टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार भूकंप का केंद्र सुरीगाओ डेल सुर रहा। सुबह 6:22 बजे लिंगिग, हिनाटुआन और सुरिगाओ डेल सूर के बिस्लीग शहर में तीव्र झटके महसूस किए गए। इसके अलावा कैटेल, दावाओ ओरिएंटल के पास भी झटके महसूस किए गए मगर यहां भूकंप की तीव्रता 5 रही। द मनीला टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा आज सारे देश में बारिश होने का पूवार्नुमान जारी किया गया है।

### कांवड़ियों ने आक्रोशित होकर राजमार्ग पर लगाया जाम

**झांसी।** बीती देर रात सावन मास पर ओरछा मप्र से जल लेकर जा रहे एक कांवड़िया को एक सवारी टेम्पों ने टक्कर मार दी। जिससे एक कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। कांवड़ियों ने आक्रोशित होकर राजमार्ग पर जाम लगा दिया। फोरलेन राजमार्ग पर जाम लगने से वाहनों की दोनों ओर लंबी लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांवड़ियों को समझाकर कार्यवाही का आश्वासन देते हुए शांत कराया। कांवड़िया पंडवाहा निवासी विक्की पटेल ने बताया कि वह लोग शुक्रवार की रात ओरछा से कांवड़ लेकर पंडवाहा जा रहे थे। तभी ओरछा तिगेला के पास एक ऑटो चालक ने एक कांवड़िए को टक्कर मार दी। जिससे उसका पैर फेक्चर हो गया, वही चालक ऑटो लेकर मौके से भाग निकला।

### लोकपर्व 'हरेला' के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

# हमारी धरोहर एवं प्रकृति का संरक्षण जरूरी :धामी

● हरेला पर्व, प्रकृति को संरक्षित करने का संकल्प लेने का पर्व है



**देहरादून। एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मोथरोवाला स्थित श्री गुरुराम राय इंटर कॉलेज में लोकपर्व 'हरेला' के उपलक्ष्य में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज उत्तराखंड के साथ ही पूरे देश में हरेला पर्व मनाया जा रहा है। सनातन संस्कृति में प्रकृति को मां के रूप में पूजे जाने की परंपरा है। हम किसी न किसी रूप में प्रकृति का पूजन करते हैं, हरेला पर्व भी प्रकृति की सेवा का पर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी धरोहर एवं प्रकृति का संरक्षण जरूरी है। हरेला पर्व, प्रकृति को संरक्षित करने का संकल्प लेने का पर्व है। पेड़-पौधे हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संपूर्ण देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून शहर में सुगम यातायात, बाजार क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। आने वाले समय में देहरादून-दिल्ली एलिवेटेड रोड बनने के बाद देहरादून एवं आस-पास के शहरों में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी।

देहरादून में प्रिंस चौक से सहारनपुर चौक तक, मेंहुवाला मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण एवं आढ़त बाजार के शिफ्टिंग, इंद्रेश अस्पताल से कारगी चौक तक सड़क का चौड़ीकरण का कार्य गतिमान है। 72 करोड़ की लागत से मेंहुवाला क्लस्टर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति हेतु कार्य गतिमान है। क्षेत्र में 600 करोड़ की लागत से देहराखास, विद्याविहार, बिंदाल नदी से रिस्पना नदी के क्षेत्र के बीच व अन्य क्षेत्र में सीवर लाइन एवं ड्रेनेज का कार्य गतिमान है। रेस्टकैंप एवं भंडारीबाग फ्लाईओवर पर 37 करोड़ की लागत से कार्य हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून के मोथरोवाला क्षेत्र में नमामि गंगे योजना के तहत 15 एमएलडी की क्षमता से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से सभी विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव के बाद से सपाई गुंडे अराजकता पर उतारू : केशव

**लखनऊ। एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी(सपा) पर हमला बोलते हुए कहा कि इस पार्टी का पीडीए बहुत बड़ा धोखा है। कहा कि कांग्रेस के मोहरा सपा बहादुर अखिलेश यादव मुंगेरीलाल के सपने देखो,परंतु यह हकीकत में कभी नहीं बदलेंगे।


उपमुख्यमंत्री केशव ने शनिवार को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि सपा का मतलब सुशासन और विकास नहीं,गुंडागर्दी करना और अपराधियों को संरक्षण देना है। भाजपा का संगठन और सरकार दोनों मजबूत और अभेद्य हैं। कांग्रेस के मोहरा सपा बहादुर अखिलेश यादव मुंगेरीलाल के सपने देखो,परंतु यह हकीकत में कभी नहीं बदलेंगे। 2027 में 2017 दोहरायेंगे,कमल खिलायेंगे। अयोध्या की घटना के संबंध में लिखा कि क्या आपके पीडीए में निषाद समाज और अयोध्या की सपा नेता द्वारा बलात्कार का शिकार हुई बेटी नहीं है। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति ने आपकी असलियत ने पीडीए का दुश्मन बना दिया है,जिसका करारा जवाब 2027 में जनता देगी।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अयोध्या के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। अखिलेश यादव आप, आपकी पार्टी और आपके सांसद ऐसे अपराधियों को नहीं बचा पायेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद से सपाई गुंडे अराजकता पर उतारू हैं। प्रदेश का माहौल खराब कर रहे हैं। सपा को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## अग्निशमन उपकरणों एवं वाहनों की खरीद के लिए 63 करोड़ रुपये स्वीकृत

### फायर सेफ्टी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय

**अहमदाबाद। एजेंसी**



मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य की नगर पालिकाओं में आपातकालीन परिस्थितियों के लिए आवश्यक अग्निशमन वाहनों और उपकरणों की खरीद के लिए कुल 63 करोड़ रुपये का अनुदान आवंटित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। गुजरात में शहरीकरण और औद्योगीकरण का दायरा दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। इससे अग्नि सुरक्षा की आवश्यकताओं में भी वृद्धि हुई है। इस संदर्भ में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय अग्रणियों की ओर से रखी गई मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने स्थानीय शहरी प्राधिकरणों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित रखने के सुरक्षा दृष्टिकोण से स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना से यह राशि मंजूर की है। गुजरात शहरी विकास कंपनी (जीयूडीसी) नगर पालिकाओं की अग्नि शमन वाहनों और उपकरणों की आवश्यकताओं के अनुसार खरीद कर संबंधित नगर पालिकाओं को आवंटित करेगी।

जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के डेटा सीएम डैशबोर्ड से जुड़ेगा

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस उद्देश्य से नगर पालिकाओं में 18 मिनी फायर टेंडर, 21 वाटर बाउजर, 29 वाटर कम फोम टेंडर और 2 इलेक्ट्रिक रेस्क्यू बोट सहित नगर पालिकाओं के लिए 71 वाहनों की खरीद के लिए कुल 63.02 करोड़ रुपये का अनुदान आवंटित करने की सैद्धांतिक अनुमति प्रदान की है। राज्य सरकार ने 2020 से 2024 के दौरान नगर पालिकाओं को 85 वाहन आवंटित किए हैं तथा अन्य 19 वाहन आवंटन की प्रक्रिया में हैं। मुख्यमंत्री ने इन नगर पालिकाओं को आवंटित किए जाने वाले अग्निशमन वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के उपयोग तथा उसके डेटा को सीएम डैशबोर्ड के साथ लिंक करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा अग्निशमन वाहनों एवं उपकरणों की खरीद के लिए भारी धनराशि के आवंटन की दी गई सैद्धांतिक मंजूरी के फलस्वरूप नगरों में जनजीवन के जान-माल की सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ एवं सुनिश्चित होगी।

## अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर गौरवांवित हूं : कमला

**वाशिंगटन। एजेंसी**



भारतीय मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि पार्टी की तरफ से इस अवसर के लिए वे स्वयं को गौरवांवित और रोमांचित महसूस कर रही हैं। कमला हैरिस ने इस संबंध में एक्स पर जारी एक पोस्ट में लिखा, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर गौरवान्वित हूं। मैं अगले सप्ताह आधिकारिक रूप से नामांकन स्वीकार करूंगी। यह अभियान लोगों के एक साथ आने, देश के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर, हम जो हैं उसके लिए सर्वश्रेष्ठ संघर्ष करने के बारे में है।

वहीं अमेरिका के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के लिए जीवन की सबसे बड़ी लड़ाई के मैदान में उतरने के लिए कमला हैरिस ने कमर कस ली है। जानकारों के मुताबिक राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित प्रत्याशी के रूप में कमला हैरिस की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। समाचारों के मुताबिक कमला ने पूरी डेमोक्रेटिक पार्टी को अपनी तरफ कर लिया है। वहीं कमला ने चुनाव के लिए एक टीम बनाई है, इस टीम में कमला के करीबियों और जो बाइडन का चुनाव अभियान देख रहे डेलीगेशन को शामिल किया गया है। इन्हें एक ऑपरेशन दिया गया है। इसका मकसद उन लोगों को साधना है जो राष्ट्रपति उम्मीदवार का चयन करने वाले थे। टीम में कई अश्वेत महिलाएं हैं जो दशकों से डेमोक्रेटिक राजनीति में शामिल रही हैं। वहीं टीम 5 नवंबर के चुनाव से पहले तीन महीने के चुनाव अभियान के लिए तैयार हैं। कैलिफोर्निया की अमेरिकी सीनेटर लाफोंजा बटलर ने कमला पर लैंगिक भेदभाव और नस्लवादी हमलों की बौछार का सामना करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा, हम इस तरह की चीजें देखते आ रहे हैं।

राजनीति में नए नहीं हैं। सलाहकारों का यह ग्रुप कमला के प्रति काफी वफादार है और उनके करियर के प्रति भावुक है। उन्होंने कहा, इनमें से कई सलाहकार 2017 में सीनेट में शामिल होने के बाद से ही उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। वहीं कमला हैरिस के चुनावी मैदान में जाने से पहले उनके परखे हुए लोगों के एक समूह के साथ तैयारी में जुट गई हैं।

## जम्मू कश्मीर की तर्ज पर मिले चुराह बॉर्डर पर तैनात एसपीओ को वेतनमान : डॉ राजीव



**धर्मशाला। एजेंसी**

कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने जम्मू-कश्मीर से सटे चम्बा जिला के सीमावर्ती क्षेत्र चुराह में तैनात स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स (एसपीओ) को जम्मू कश्मीर में तैनात (एसपीओ) की तर्ज पर वेतनमान देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 में इस क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले में 35 स्थानीय लोगों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया था तथा अनेक लोगों को आतंकवादी अपने साथ ले गए थे जिनका आज तक पता नहीं लग पाया है। उन्होंने कहा कि इस आतंकवादी घटना के बाद सरकार ने जम्मू कश्मीर की तर्ज पर स्थानीय पुलिस की मदद के लिए 520 स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स (एसपीओ) को तैनात किया था तथा जम्मू कश्मीर की तर्ज पर प्रति माह 1500 वेतनमान तय किया गया था।

उन्होंने बताया कि यह स्पैशल पुलिस ऑफिसर्स संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त, मेला ड्यूटी, नाकाबन्दी ड्यूटी और वीवीआईपी ड्यूटी सहित कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का कन्धे से कन्धा मिलाकर सहयोग कर रहे हैं जिससे इस संवेदनशील क्षेत्र में शांति व अमन व्यवस्था बनाये रखने में मदद मिली है।

## एडवांस पैसेंजर इनफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम से लैस होगी नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन



**नोएडा/लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश को आधुनिक परिवहन सुविधाओं से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने नोएडा में मेट्रो एक्व लाइन को एडवांस पैसेंजर इनफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम (पीआईडीएस) से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत पहले से स्थापित इनफॉर्मेशनल डिस्प्ले सिस्टम को रिप्लेस किया जाएगा तथा इनकी जगह नए सिस्टम को इंस्टॉल किया जाएगा। वहीं, सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर में नए इंस्टॉलेशन व अपडेशन समेत अन्य जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के अंतर्गत नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) के 21 मेट्रो स्टेशंस को पीआईडीएस युक्त किया जाएगा।

प्रक्रिया में कुल 88 पीआईडीएस सिस्टम इंस्टॉल होंगे जो कि मेट्रो रेलवे प्लैटफॉर्म्स की दोनों तरफ लगाए जाएंगे। वहीं, प्रत्येक स्टेशन के कॉनकोर्स में कुल 42 पीआईडीएस इंस्टॉल किए जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया में 11.27 करोड़ रुपए का खर्च होगा तथा इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एनएमआरसी ने एजेंसी निर्धारण व कायावंटन की प्रक्रिया रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से शुरू कर दी है।

**डिपो स्टेशन पर इंस्टॉल होंगे सर्वाधिक पीआईडीएस**

**प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि एक्वा लाइन के अंतर्गत कुल 21 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं जो नोएडा सेक्टर 51 से शुरू होकर ग्रेटर नोएडा में डिपो स्टेशन पर समाप्त होते हैं। इसके अलावा, मेट्रो डिपो-ओसीसी ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर में डिपो स्टेशन से आगे स्थित है। परियोजना के अंतर्गत सेक्टर 51 मेट्रो स्टेशन के अप व डाउन प्लैटफॉर्म्स पर 2-2 यानी कुल 4 पीआईडीएस इंस्टॉल होंगे। इसी प्रकार सेक्टर 50, सेक्टर 76, सेक्टर 81, सेक्टर 101, एनएसईजेड, सेक्टर 83, सेक्टर 137, सेक्टर 142, सेक्टर 143, सेक्टर 144, सेक्टर 145, सेक्टर 146, सेक्टर 147, सेक्टर 148, केपी-2, परी चौक, अल्फा-1, डेल्टा-1 तथा ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण मेट्रो स्टेशन के अप व डाउन प्लैटफॉर्म्स पर 2-2 यानी कुल 4 पीआईडीएस इंस्टॉल होंगे।**

### 5 वाहन आपस में टकराए, दंपती की मौत, 3 घायल

**वडोदरा।** वडोदरा-हालोल रोड पर जरोद गांव के पास शनिवार सुबह 5 वाहन आपस में टकरा गए। इसमें कार सवार दंपति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। घटना के कारण मुख्य सड़क पर 4 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम से लोग घंटों फंसे रहे। हालोल-वडोदरा टोल मार्ग को कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया। जानकारी के अनुसार वडोदरा-हालोल रोड पर जरोद तीन रास्ते के पास सड़क दुर्घटना हुई। वाहन एक के पीछे एक कर टकराते गए। कुल 5 वाहन आपस में भिड़ गए। दुर्घटना में एक कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार जरोद गांव के निवासी नरेश डोडिया (35) और उसकी पत्नी धर्मिष्ठाबेन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार लेकर नरेश डोडिया रोड क्रॉस कर रहा था, इसी दौरान दो वाहन हैवी लोडर ट्रक और एक अन्य पानी टैंकर की टक्कर हो गई। मुख्य सड़क में दो वाहनों के आपस में भिड़ंत हो गई।

संग्रहण | म.प्र. वाणिज्यिक कर निरीक्षक संघ के वार्षिक अधिवेशन समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

# जीएसटी संग्रहण कार्य में राजस्व निरीक्षक की अहम भूमिका : जगदीश

● प्रदेश के सभी नागरिकों को कर संग्रहण के लिये मिलकर कार्य करना होगा



**भोपाल। एजेंसी**

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि जीएसटी संग्रहण का कार्य कर रहे राजस्व निरीक्षकों की राजस्व वृद्धि में अहम भूमिका होती है, जिसका राष्ट्र की अर्थ-व्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। यह विभाग न केवल जीएसटी के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है, बल्कि करदाताओं को आवश्यक मार्ग दर्शन और सहायता भी प्रदान करता है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने इस महती कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा शनिवार को रवीन्द्र भवन भोपाल में मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर निरीक्षक के वार्षिक अधिवेशन एवं स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प 2047 में हमारा राष्ट्र विकसित राष्ट्रों में नबंर 1 पर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राजस्व वृद्धि में अद्भुत कार्य हुआ है। प्रदेश के सभी नागरिकों को कर संग्रहण के लिये मिलकर कार्य करना होगा।

**एक देश-एक कर-एक समान कर्त्तव्य एवं दायित्व**

**निरीक्षक संघ के अध्यक्ष संदीप मीणा ने बताया प्रदेश के सभी जिला के निरीक्षक आज यहाँ उपस्थित है। यह संगठन 400 निरीक्षकों का समूह है। आज हम 50 वर्ष पूर्ण कर रहे है। हम ₹एक देश-एक कर-एक समान कर्त्तव्य एवं दायित्व₹ के सिद्धांत पर कार्य कर रहे है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री एवं आयुक्त वाणिज्यिक कर को विभागीय कार्य सुचारू रूप से चलाने की आवश्यकताओं से अवगत करवाया और समाधान का आग्रह किया। इस अवसर पर आयुक्त, वाणिज्यिक कर धनराजू एस, अपर आयुक्त प्रदीप दुबे, पूर्व अपर आयुक्त आर.पी. श्रीवास्तव एवं मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर निरीक्षक संघ के पदाधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।**

उन्होंने कहा कि राजस्व निरीक्षकों की समस्या और उसके समाधान को गंभीरता से लेना चाहिये। जिसे पूरी ईमानदारी से उनका हल करना होगा।

उन्होंने वाणिज्यिक कर निरीक्षक से अपील की है कि राजस्व वृद्धि के लिये बकाया की रिकवरी में स्वयं प्रेरित रहकर कार्य करें, डीलर बेस बढ़ाये, टैक्स इवेजन पर प्रभावी कार्रवाई करें। फील्ड वर्क से प्राप्त जानकारी के द्वारा राजस्व में वृद्धि करें। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी क्षमताओं को उन्नत करने के लिये प्रशिक्षण और विकास के साथ बेहतर सहयोग और समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य के लिये निरीक्षकों को प्रेरित और उत्साहवर्धन के साथ पुरस्कार और सम्मान भी देना चाहिए।

देवड़ा ने कहा राज्य के मंत्री होने के नाते मैं खुद अपने विभागों के प्रति संवेदनशील रहता हूं एवं राष्ट्र को सामने रखकर कार्य करने का प्रयास करता हूँ। उन्होंने कहा कि मैं सभी साथियों का स्वागत करता हूँ तथा सभी से उम्मीद करता हूँ कि पूरे उत्साह के साथ अपना कार्य करें। जो भी मांगें है उसे नियमानुसार पूरी करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने सभी राजस्व निरीक्षकों को रक्षाबंधन और 15 अगस्त की शुभकामनाएँ दी।

## लखनऊ : रॉबट्र्सगंज में बनेगा नया पर्यटन भवन

**लखनऊ। एजेंसी**

● भवन के निर्माण कार्य को 2.54 करोड़ रुपये की लागत से होगी

उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने सोनभद्र जिले के रॉबट्र्सगंज में नए जिला पर्यटन भवन की इमारत के निर्माण तथा चित्रकूट के मड़फा फोर्ट को इको-टूरिज्म हब के तौर पर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा अनुसार उत्तर प्रदेश कॉर्पोरेशन लिमिटेड को जिम्मा सौंपा गया है, जिसने शॉर्ट नोटिस के माध्यम से दोनों ही परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आवेदन मांगे हैं। इस प्रक्रिया के जरिए एजेंसी निर्धारण व कायावंटन के कार्यों को पूरा किया जाएगा। वर्षा ऋतु के अतिरिक्त रॉबट्र्सगंज में नए पर्यटन भवन के निर्माण कार्य को 2.54 करोड़ रुपये की लागत से 18 महीनों में जबकि चित्रकूट के मड़फा किले में होने वाले विकास कार्यों को 76 लाख रुपये की लागत से छह महीने की समयावधि के अंदर पूरा किया जाएगा। इन दोनों ही कार्यों को पूरा करने के लिए निर्धारण प्रक्रिया में विशेषतौर पर विदेशों में कार्यों को पूरा करने का अनुभव रखने वाली एजेंसियों को वरीयता दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### चेप्टेगी ने ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ 10,000 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण





**पेरिस।** युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी, जो तीन बार विश्व 10,000 मीटर चैंपियन हैं, स्टेड डी फ्रांस में चल रहे पेरिस 2024 खेलों के पहले ट्रैक और फील्ड फाइनल में ओलंपिक 10,000 मीटर चैंपियन बने। जोशुआ चेप्टेगी ने 26:43.14 का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया। सबसे तेज फिनिश करने वाले इथियोपिया के बेरिहू आरेगावी ने 26:43.44 के समय के साथ रजत जीता, जबकि यूएसए के ग्रांट फिशर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए 26:43.46 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। मिश्रित 4x400 मीटर हीट में वर्नोन नोरवुड, शमीर लिटिल, ब्राइस डेडमॉन और केलीन ब्राउन की अमेरिकी चौकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। अमेरिकी चौकड़ी ने 3:07.41 का समय लेकर एक सेकंड से अधिक अंतर से पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया - जो पिछले वर्ष बुडापेस्ट में अमेरिका द्वारा विश्व खिताब जीतने के समय बनाया गया था। नॉरवुड ने 44.47 सेकंड में दौड़कर अमेरिकी टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई, फिर लिटिल ने दूसरे चरण में 49.32 सेकंड में दौड़कर बढ़त को बढ़ाया, जो प्रारंभिक दौर में किसी भी महिला का सबसे तेज लैप था। डेडमॉन ने तीसरे चरण में 44.17 सेकंड लिया और फिर ब्राउन ने 49.45 सेकंड लेकर अमेरिकी टीम को जीत दिलाई। ब्राउन ने फ्रांस से तीन सेकंड से अधिक समय पहले रेखा पार की, जिसने 3:10.60 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। बेल्जियम 3:10.74 के साथ तीसरे स्थान पर रहा, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वेस्टइंडीज के घरेलू टेस्ट मैचों के लिए रोच की वापसी



**नई दिल्ली।** केमार रोच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। काउंटी चैंपियनशिप के दौरान घुटने में लगी चोट के कारण रोच को वेस्टइंडीज के हाल ही में संपन्न इंग्लैंड दौरे से बाहर होना पड़ा था। इस बीच, साथी तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को आराम दिया गया है, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज जोशुआ दा सिल्वा उप-कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्य कोच आंद्रे कोली ने सीडब्ल्यूआई प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ₹हमने इस श्रृंखला के लिए अपने उप-कप्तान अल्जारी जोसेफ को आराम देने का फैसला किया है। अल्जारी पर हाल ही में काफी काम का बोझ रहा है, और यह ब्रेक उसे स्वस्थ होने और शीर्ष प्रदर्शन पर लौटने का मौका देगा। ऑफ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर केविन सिंक्लेयर टीम का हिस्सा नहीं हैं।

### भारतीय शॉटपुट एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर का पेरिस ओलंपिक में अभियान समाप्त



**पेरिस।** तजिंदरपाल सिंह तूर के क्वालीफिकेशन राउंड से बाहर होने के बाद चल रहे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, जिन्होंने 21.77 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ शॉटपुट में अपनी क्षमता का दावा किया, अपने खेल से दूर दिखे। शॉटपुट में अक्सर अग्रणी माने जाने वाले तूर ग्रुप ए में 15वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने तीन प्रयासों में 18.05 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए तूर को शीर्ष 12 में जगह बनाने की जरूरत थी। हालांकि, 18.05 मीटर के प्रयास के बाद, दो फाउल थ्रो के बाद, तजिंदर का पेरिस ओलंपिक में सफर एक भयानक अंत पर पहुंच गया। अपने पहले थ्रो के बाद, तूर 14वें स्थान पर आ गए।

# ट्रायथलान : नोयडा के प्रिंस और अंश ने जीता गोल्ड

● वृंदावन की नंदिनी भी रहीं अव्वल



■ अंश ने चाइल्ड ग्रुप 3 (14 से 13 वर्ष) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

■ प्रिंस ने 10 मिनट 6 सेकंड समय के साथ मैराथन में स्वर्ण पदक जीता

**लखनऊ। एजेंसी**

साई नोएडा के प्रिंस व अंश चौधरी ने प्रथम नेशनल ट्राय थलॉन एवं एक्वाथलॉन प्रतियोगिता के पहले दिन हुई एक्वाथलॉन की प्रतियोगिता में पहले तैराकी की और फिर दौड़ में चुनौती के बाद गोल्डेन सफलता हासिल की। उत्तर प्रदेश ट्रायथलॉन एसोसिएशन के भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र, सरोजनीनगर, लखनऊ में पहले दिन एक्वाथलॉन की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रिंस ने चाइल्ड ग्रुप टू (15 से 16 वर्ष) में और अंश ने चाइल्ड ग्रुप 3 (14 से 13 वर्ष) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

वहीं आईटी कॉलेज के अविधा पंडित ने आज सबसे कठिन कोर्स महिला (19 वर्ष से अधिक) में प्रतिभाग किया जिसमें 500 मी.तैराकी के बाद 5 किमी. दौड़ पूरी तरह से होती है। चाइल्ड ग्रुप 2 (15 से 16 वर्ष, 250 मी.तैराकी, 2 कि.मी. दौड़) में साई नाऊल के प्रिंस ने 10 मिनट 6 सेकंड समय के साथ मैराथन में स्वर्ण पदक जीता। सीएमएस रेजिडेंट नगर प्रथम के अयान यादव ने 11 मिनट 4 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता। सीएमएस अलीगंज के कृष्णा जोसेफ को 12 मिनट 24 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक मिला। गैलरी ग्रुप -2 (15 से 16 वर्ष, 250 मी.तैराकी, 2 किमी. दौड़) में एलन हाउस वृंदावन की नंदिनी यादव 16 मिनट 44 सेकंड के समय के साथ अव्वल रही। डीपीएस जानकीपुरम की अनुश्रुति सिंह ने 17 मिनट 9 सेकेंड में रजत पदक जीता और डीपीएस जानकीपुरम की अनुश्रुति सिंह ने 22 मिनट 45 में सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। बालक समूह -3 (14 से 13 वर्ष, 250 मी. तैराकी, 1.5 कि.मी. दौड़) में साई लखनऊ के अंशों ने 10 मिनट 21 मिनट के साथ स्वर्ण पदक जीता। साई नाऊन के चैतन्य निम्बकर ने 10 मिनट 48 सेकंड के समय के साथ सिल्वर व के जनरल के रूप में रजत पदक जीता।

ग्रुप -3 ( 14 से 13 वर्ष, 250 मी. तैराकी, 1.5 कि.मी. दौड़) डी पी.एस. रुचिनगर विस्तार की अनन्या सिंह ने 18 मिनट 8 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण व इसी स्कूल की वान्या पालीवाल ने 21 मिनट 7 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता। बस्ती ग्रुप 1 (17 से 18 वर्ष, 350 मी.तैराकी, 2.5 कि.मी. दौड़) में सीएमएस रेड्डी नगर प्रथम की प्रज्ञा ने स्वर्ण पदक जीता।

इससे पूर्व उद्घाटन समारोह के निदेशक रविन कपूर ने अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता क्रीत प्रकाश मिश्रा, लक्ष्मण अवार्डी तैराक सुमित प्रसाद उपस्थित रहे। आज के उद्घाटन के दौरान उत्तर प्रदेश ट्रायथलॉन एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि रविवार को 4 अगस्त को ट्रायथलॉन में छोटे बच्चों (7 से 12 वर्ष) के साथ एक्वाथलॉन के खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा।

# महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं मनु भाकर



**पेरिस। एजेंसी**

शनिवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ऐतिहासिक तीसरा ओलंपिक पदक जीतने से चूक गईं, वह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 28 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

वह पहले विश्व रिकॉर्ड धारक (25 मीटर पिस्टल) हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ तीसरे स्थान पर थीं, लेकिन शूट-ऑफ सीरीज में दो अंक गंवाने के बाद हंगरी की वेरोनिका पोडियम पर पहुंच गईं। दक्षिण कोरिया की यांग जिन ने 37 अंकों (शूट-ऑफ - 4-1 के माध्यम से) के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि फ्रांसीसी निशानेबाज कैमिली जेड्रेजेवस्की को रजत मिला।

शुक्रवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहने के बाद मनु ने चल रहे ग्रीष्मकालीन खेलों में अपने तीसरे फाइनल में प्रवेश किया था। कोई भी अन्य भारतीय निशानेबाज एक ओलंपिक में एक से अधिक फाइनल में नहीं पहुंचा है, और केवल अभिनव बिंद्रा ने तीन खेलों में भारत के लिए तीन ओलंपिक शूटिंग फाइनल में जगह बनाई है।

### आपने पहले ही एक उल्लेखनीय विरासत स्थापित कर ली है : अभिनव बिंद्रा



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने चल रहे पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया, जिसके बाद ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने 22 वर्षीय खिलाड़ी की सराहना की। मनु भाकर शनिवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं।

अभिनव बिंद्रा ने कहा कि मनु भाकर ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है, साथ ही उन्होंने उनकी 'अविश्वसनीय' उपलब्धि की सराहना की है। बिंद्रा ने एक्स पर लिखा मनु, आपने पूरे देश को अपनी असाधारण उपलब्धि के लिए खड़ा होने और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया है। तीसरा ओलंपिक पदक जीतना एक असाधारण उपलब्धि होती, लेकिन पेरिस में आपने जो हासिल किया है, वह वास्तव में यादगार है। आपकी यात्रा अथक परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। मात्र 22 वर्ष की उम्र में आपने एक उल्लेखनीय विरासत स्थापित कर ली है और यह तो बस शुरूआत है। ऐतिहासिक अभियान के लिए बधाई। मनु समर गेम्स में तीन पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के करीब पहुंच गई थीं, लेकिन वह 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह मौका चूक गईं।

### भारतीय तीरंदाज भजन कौर व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा से बाहर



**पेरिस। एजेंसी**

भारतीय तीरंदाज भजन कौर शनिवार को पेरिस ओलंपिक में इंडोनेशिया की दियानंदा चोइरुनिसा से हारने के बाद राउंड ऑफ 16 में व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा से बाहर हो गईं। कौर 5-5 (0-2, 2-0, 0-2, 1-1, 2-0) से बराबरी पर थीं और मैच शूट ऑफ पर था। भारतीय तीरंदाज पूरे मुकाबले में अपनी इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी का पीछा कर रही थीं।

निर्णायक चौथे सेट में भजन ने अपने अंतिम शॉट में महत्वपूर्ण 10 का तीर मारा जिससे शूट-ऑफ की नौबत आ गई। 18 वर्षीय तीरंदाज शूट-ऑफ में गेम हार गईं क्योंकि वह चोइरुनिसा के 9 के जवाब में 8 हिट करने में सफल रहीं। इस मुकाबले से पहले, दूसरी तीरंदाज दीपिका कुमारी जर्मनी की मिशेल क्रॉपेन के खिलाफ अपने राउंड ऑफ 16 मैच के दौरान एक्शन में थीं। दीपिका ने लेस इनवैलिड्स में राउंड ऑफ 16 के मैच में अपनी जर्मन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-4 (2-0, 1-1, 2-0, 0-2, 1-1) से जीत हासिल की।

भारतीय तीरंदाज ने पहले सेट में 27-24 से जीत दर्ज करके शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे सेट में दीपिका ने 10, 8 और 9 के हिट लगाए। जबकि उनकी जर्मन प्रतिद्वंद्वी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार तीन 9 हिट लगाए। दीपिका ने वापसी की और तीसरा सेट जीतकर मैच में 5-1 की बढ़त ले ली।

### कैंची धाम पहुंचे रिंकू सिंह, पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**नैनीताल।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह शनिवार को नैनीताल स्थित कैंची धाम पहुंचे। रिंकू सिंह ने यहां बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। रिंकू उत्तराखंड मूल के क्रिकेटर आर्यन जुयाल के साथ कैंची धाम पहुंचे और यहां आधे घंटे तक मंदिर में रहने के बाद लौट गये। कैंची धाम पहुंचने पर मंदिर समिति के प्रबंधक प्रदीप साह और ग्राम प्रधान पंकज निगल्टिया ने उन्हें बाबा से जुड़े चमत्कारों और रोमांचक किस्सों से अवगत कराया। रिंकू सिंह ने कहा कि बाबा के प्रति आस्था उन्हें कैंची धाम ले आई। यहां आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। इस दौरान रिंकू सिंह को अपने बीच देख कैंची धाम में मौजूद उनके प्रशंसक खुश हो गए और उन्होंने उनके साथ फोटो और सेल्फी ली।

### फ्रांस ने अर्जेंटीना को हराकर सेमीफाइनल के लिए किया क्वालीफाई



**पेरिस। एजेंसी**

जीन-फिलिप माटेता के एकमात्र गोल की बदौलत फ्रांस ने शनिवार (भारतीय समयानुसार) को अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। जीन-फिलिप माटेटा ने मैच के पांचवें मिनट में ही हेडर के जरिये गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी थी, जो मैच के अंत समय तक बरकरार रहा। हालांकि मैच के 83वें मिनट में माइकल ओलिस ने शानदार गोल किया, जिसे फाउल करार दे दिया गया। गेंद दाएं फ्लैंक से बॉक्स के अंदर ओलिस के पास पहुंची। उन्होंने शॉट मारा, जो डिफेंडर से टकराकर गोल में चला गया। लेकिन इस गोल को फाउल मानते हुए इसे अस्वीकार कर दिया गया। बावजूद, इसके मेजबान देश ने मैच के अंतिम दस मिनट तक धैर्य बनाए रखा और बढ़त सुनिश्चित की। मैच जीतने के बाद फ्रांस के सेंटर-बैक लोइक बेडे ने कहा यह एक महत्वपूर्ण मैच था और हम विजेता बनकर उभरे।

बता दें कि मैच के दौरान दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच काफी नोकझोक भी हुई और मैच समाप्त होने पर यह लड़ाई में बदल गई, हालांकि मैच रेफरी और अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद सबकुछ सामान्य हो गया।

## वाणिज्य

# स्टेट बैंक को पहली तिमाही में 17035 करोड़ रुपये का हुआ मुनाफा




**नई दिल्ली। एजेंसी**

देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल-जून तिमाही में एसबीआई का मुनाफा सालाना आधार पर एक फीसदी उछलकर 17,035.16 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 16,884 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एसबीआई ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 30 जून, 2024 को समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ 17,035 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 16,884 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बैंक के मुताबिक उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 1,22,688 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,08,039 करोड़ रुपये रही थी।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसबीआई ने बताया कि पहली तिमाही में बैंक की ब्याज से आमदनी बढ़कर 1,11,526 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 95,975 करोड़ रुपये थी। बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) कुल अग्रिमों में से पहली तिमाही में घटकर 2.21 फीसदी रह गईं, जो पिछले साल जून के अंत में 2.76 फीसदी थी। इसी तरह एसबीआई का शुद्ध एनपीए भी जून, 2024 में घटकर 0.57 फीसदी रह गया, जो एक साल पहले 0.71 फीसदी था।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.84 प्रतिशत की गिरावट लेकर 74.14 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 3.10 प्रतिशत उतरकर 77.56 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# जकार्ता में एआईटीआईजीए की 5वीं संयुक्त समिति की हुई बैठक




**नई दिल्ली। एजेंसी**

आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौता (एआईटीआईजीए) संयुक्त समिति की 5वीं बैठक 29 जुलाई से एक अगस्त, 2024 तक इंडोनेशिया के जकार्ता में हुई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के उप महासचिव (व्यापार) मस्तूरा अहमद मुस्तफा ने की। इसमें सभी दस आसियान देशों और भारत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि इंडोनेशिया के जकार्ता में एआईटीआईजीए की 5वीं संयुक्त समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक में आसियान और भारत के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई, जिसमें आसियान-भारत व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाया गया।

इसकी समीक्षा से व्यापार वृद्धि के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की अगली बैठक 19-22 नवंबर 2024 को भारत में होगी। उल्लेखनीय है कि आसियान भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापार भागीदार बना हुआ है, जो भारत के वैश्विक व्यापार का लगभग 11 फीसदी है। आसियान-भारत सेवा व्यापार समझौते पर सभी पक्षों ने 13 नवंबर, 2014 को हस्ताक्षर किए थे। ये समझौता एक जुलाई 2015 को लागू हुआ था।

### अल्फाड्रॉइड ने कन्वर्सेशनल एआई हेअल्फा किया लॉन्च

**ग्रेटर नोएडा।** रोबोटिक क्षेत्र की कंपनी अल्फाड्रॉइड ने यहां से शुरू हुये चार दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2024 में कन्वर्सेशनल एआई हेअल्फा द्वारा संचालित अपने नवीनतम उत्पाद को लांच करने की घोषणा की। कंपनी के सीईओ और संस्थापक संजीव कुमार ने इसे पेश करते हुये कहा हम एक्सपो में हेअल्फा को पेश करके उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य नवीन तकनीक के साथ आतिथ्य में क्रांति लाना है जो परिचालन दक्षता में सुधार करती है और अतिथि अनुभवों को बढ़ाती है। हेअल्फा आतिथ्य उद्योग में स्वचालन को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।" उन्होंने कहा कि हेअल्फा ने आतिथ्य प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण पहल की है, जो मेहमानों के अनुभवों को बदलने और होटल संचालन को बढ़ाने के लिए स्वचालन के साथ उन्नत संवादी एआई का मिश्रण है। हेअल्फा को आतिथ्य उद्योग में आम चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है।

2 सांडो की हुई भयंकर लड़ाई एक सांड घर की छत पर बने कमरे में घुसा | सांड को कमरे में देख परिवार के लोगों में मची भगदड़

# नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते आवारा सांडो का दिनों दिन बढ़ रहा आतंक

चमकता राजस्थान

**नदबई (राजवीर सिंह)।** शहर में नगर पालिका की अनदेखी से आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लोग अब घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। शहर में आवारा सांड बाजारों से लेकर मुख्य चौराहे और गलियों में दिनभर उत्पात मचाते हैं। पिछले 8 दिनों में आवारा सांड के हमले से 3 लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं। लेकिन फिर भी नगर पालिका प्रशासन जागा नहीं हैं। शुक्रवार रात को शहर में एक अनोखा नजारा देखने को मिला,गली में 2 सांडों की भयंकर लड़ाई हो गई। लड़तेझ लड़ते दो सांडों में से एक सांड भागता हुआ एक घर की छत पर बने कमरे में पहुंच गया और कमरे में जाकर खड़ा हो गया। घटना की सूचना पर नपा के सफाई निरीक्षक अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से सांड का रेस्क्यू कर सकुशल उतारा।



## जिला कलेक्टर ने दिए थे निर्देश

जिला कलेक्टर ने 29 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागों की बैठक ली थी। जिसमें जिला कलक्टर ने नगर निगम एवं नगरपालिका क्षेत्रों में आवारा पशुओं को पकडने के लिये निरन्तर अभियान जारी रखने, सडकों पर पशुओं को बांधने वाले पशुपालकों को नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होंने रोड सेफ्टी के तहत सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकडकर गौशालाओं में छोडने हेतु अतिरिक्त वाहन लगाने सहित विशेष कार्यवाही करने को कहा था। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन कलेक्टर के आदेश को हवा में उड़ाता नजर आ रहा है। जहां पालिका प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## नपा की टीम ने मौके पर पहुंच किया रेस्क्यू

लोगों ने छत पर चढ़े सांड की सूचना नगर पालिका को दी। सूचना मिलते ही नगर पालिका के सफाई निरीक्षक बलवंत सिंह टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और आस पास के लोगों के सहयोग से छत के कमरे में खड़े सांड का रेस्क्यू कर सकुशल उतारा गया। जिसके बाद लोगों ने चैन की सांस ली।

## 8 दिन में 3 लोग हो चुके हैं घायल

नदबई में पिछले 8 दिनों में आवारा सांडों के हमले से 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। आवारा सांड के हमले से किसी का हाथ टूट गया, तो किसी के कमर और कंधों में गंभीर चोट आई हैं। सांडों का आतंक यमराज से कम नहीं है। यहां आए दिन बाजारों में ये सांड़ आपस में भिड़ते हुए नजर आते हैं। अब तक कई लोग शहर में सांड़ो के आतंक का शिकार भी हो चुके हैं। पालिका प्रशासन को सारी घटनाओं का पता होते हुए भी प्रशासन आंखों पर पट्टी बांध कर बैठा हुआ है।

## दो सांडों की हुई भयंकर लड़ाई,एक सांड छत के कमरे में घुसा

जानकारी के अनुसार नदबई कस्बे के वार्ड नंबर 6 की सुनार गली में शुक्रवार रात करीब 7:45 बजे 2 आवारा सांडों के बीच भयंकर लड़ाई हो गई।दो सांडों में से एक सांड भागता हुआ हरिओम पुत्र हेमंत सोनी के घर के अंदर बनी सीढ़ियों से छत पर बने कमरे में जा घुसा। घर के सदस्यों ने बताया है कि उन्हें इस बात का अंदाजा तक नहीं था कि, उनके घर की छत के कमरे में आवारा सांड़ आ गया है। सांड़ घर की छत पर उत्पात मचाने लगा, तो घर वालों को पता लगा। इसके बाद पूरे परिवार में खलबली मच गई। घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने कमरे से सांड को निकालने का खूब प्रयास किया। लेकिन सांड जिस जगह पर खड़ा था,वहां से नहीं हिला। परिवार के लोगों का कहना है कि जब सांड कमरे में आया, तो उसे वक्त कमरे में कोई नहीं था। अगर उसे वक्त कमरे में कोई होता तो सांड हमला कर घायल कर देता।

## संक्षिप्त समाचार

### बहुजन समाज पार्टी के तत्वधान में जिला स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ! इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि एड. हरिसिंह तेनगुरिया प्रदेश महासचिव व जॉन प्रभारी बसपा राजस्थान व हनुमान शाहाय जगरबाल जौन प्रभारी बसपा राजस्थान एवं विशेष अतिथी : आरिफ खाँन प्रदेश सचिव राज.व विक्रम सिंह सिसोदिया प्रदेश सचिव, एड. मुकेश निषाद पार्षद बसपा धौलपुर रहे! इस मीटिंग की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष किशन सिंह अजानिया ने की जिसमे मुख्य अतिथि ने दिशा निर्देश दिए, और कहा कि जिला एवं विधान के कार्यकर्ताओ को गाँव-गाँव व दाढ़ी - दाढ़ी जाकर के कार्यकर्ताओं को जोडने का कार्य करें, व साथ ही साथ पार्टी की सदस्यता दिलाये, इस कार्यक्रम के मौके पर कैलाशी बौद्ध , नारायन सिंह मस्ताना, दिनेश सिंगौरिया, अजय कुमार, रविन्द्र कोमल, राजेन्द्र बीजल, डा. अचलसिंह, खेमचन्द, रामवीर लहरी, मिथुन किरी, अनार सिंह, रविदास, दामोदर पूर्व (अध्यापक), महेन्द्र सिंह लोधा, राजू गुर्जर, अरविंद अजानिया, इमरान पठान, रंजीत गुर्जर, श्याम कुशवाह, राजुद्दीन, मनीष बौद्ध, बंटी कुमार बसपा के सैकड़ो कार्यकरता उपस्थित रहें।

### 15अगस्त को होने वाले आयोजन को लेकर प्रशासनिय बेठक आयोजित



**चमकता राजस्थान। श्रीनगर रघुनंदन पारीक।** उपखण्ड कार्यालय के सभाकक्ष में 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 को उपखण्ड स्तर पर समारोहपूर्वक मनाये जाने हेतु एक बैठक का अयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष महोदय, नगरपालिका नसीराबाद, विभागीय अधिकारियों (उपअधीक्षक पुलिस, विकास अधिकारी श्रीनगर, थानाधिकारी सिटी, तहसीलदार नसीराबाद, एईएन पी0एच0ई0डी0, एईएन ए0वी0वी0एन0एल0, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका नसीराबाद, चिकित्साधिकारी नसीराबाद) शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य व्यापारिक उमावि, मे0क0उमावि, बालिका चम एवं समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई ।

### रामसर - मावशिया सड़क क्षतिग्रस्त , आने जाने में परेशानी उठा रहे ग्रामीण ' टेकेदार व प्रशासन की अनदेखी'



**चमकता राजस्थान। रघुनन्दन पारी एफसीक श्रीनगर रामसर।** कस्बे से सनोद तक व रामसर से से मावशिया तक बनी करोड़ों की लगात से डामरीकरण सड़क पर जगह -जगह से क्षतिग्रस्त हो गई सड़क पर जगह -जगह गड्ढे बडे होने से वाहन चालकों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ,समाज सेवी राम सिंह चौधरी ने उच्च अधीकारी को पत्र लिखकर बताया की नवनिर्मित सडक पर घटियासामग्री होने से उक्त हालात हुए चोधरी ने रोड मरमत करने एवं ठेकेदार के खीलाफ जांच की मांग की।

औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा उपचार शिविर का शुभारम्भ

# निरोगी काया इंसान का सबसे बड़ा सुखः राहुल प्रकाश

## करौली, सवाई माधोपुर व गंगापुर जिले का स्वास्थ्य प्रशिक्षण आज

चमकता राजस्थान

**भरतपुर,(राजवीर सिंह)।** समृद्व भारत अभियान, पुलिस प्रशासन एवं श्री सांवर लाल औष्टियोपेथ चेरिटेबल संस्थान जोधपुर की ओर से समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता एव डॉ. नन्द किशोर पाराशर के सानिध्यं और भरतपुर संभाग के आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशन में सारस चौराहा होटल द पार्क पर संभाग स्तरीय औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ हुआ । जिसका शुभारंभ आईजी राहुल प्रकाश, सरसों अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. पी के राय, समृद्ध भारत अभियान निदेशक सीताराम गुप्ता ने मां शारदे की पूजा अर्चना और औष्टियोपेथी विशेषज्ञ टीम का स्वागत के साथ किया गया। शुभारंभ के अवसर पर आईजी राहुल प्रकाश ने कहा कि निरोगी काया ही इंसान का सबसे बड़ा सुख है, जो इंसान खान पान, रहन-सहन पर नियंत्रण रखता है और सादा जीवन जीता है। वह कभी बीमार नहीं होता एव सुखी भरा जीवन व्यतीत करता है । उन्होंने कहा कि आज का इंसान



कई प्रकार के रोगों से परेशान है। जो सारे कष्ट उठाने के साथ-साथ आर्थिक संकट का भी सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत अभियान के निदेशक गुप्ता और श्री सांवर लाल औष्टियोपेथ चेरिटेबल संस्थान टीम ने भरतपुर संभाग मुख्यालय पर पुलिसकर्मी तथा उनके परिजन स्वास्थ्य लाभ के लिए औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा व उपचार शिविर लगवा कर नेक काम किया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जिस नेक कार्य का हमेशा आभारी रहेगा।

निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि जहाँ स्वच्छता व स्वास्थ्य दुरस्त हो, वहां किसी प्रकार के रोग प्रवेश नहीं कर सकता है। हमें अपने स्वास्थ्य, घर तथा गांव की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी वं उनके परिजन आदि के स्वास्थ्य लाभ को संभाग स्तरीय दो दिवसीय औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा शिविर शुरू कराया है । शिविर के पहले दिन भरतपुर धौलपुर जिले के 130 पुलिसकर्मी एवं उनके परिजनों का रजिस्ट्रेशन हुआ। निदेशक गुप्ता ने बताया कि भरतपुर संभाग के पुलिस विभाग के कांस्टेबिल, आलाधिकारी और उनके परिजनों के स्वास्थ्य लाभ वास्ते 3 अगस्त से औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा शिविर लगाया गया। जो 4 अगस्त तक जारी रहेगा। शिविर में श्री सावंर लाल औष्टियोपेथी सेन्टर के विश्व विख्यात औष्टियोपेथी विशेषज्ञ डॉ. नन्दकिशोर पाराशर, डॉ.गौरव पाराशर, डॉ.सौरभ पाराशर, डॉ. जानकी पाराशर हड्डियों, जोडों एवं मांसपेशियों से सम्बन्धित असाध्य रोगो की जांच एवं उपचार कर रहे है।

सरसों अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ पी के राय ने कहा कि प्रदूषण तथा दूषित भोजन से इंसान के अंदर अनेक प्रकार की बीमारियां जन्म लेती हैं। बीमारियों से बचने के लिए इंसान को स्वस्थ व स्वच्छ रहना होगा साथ ही योग व व्यायाम पर ध्यान देकर नित्य जीवन जीने की रूपरेखा कायम रखनी होगी !

समृद्व भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा शिविर में संभाग के भरतपुर, धौलपुर, डीग, सवाईमाधोपुर, करौली, गंगापुर जिले के 300 पुलिसकर्मी तथा उनके परिजनों का रजिस्टेशन हुआ है। पहले दिन भरतपुर धौलपुर एवं डीग जिले के करीब 130 रोगियों के उपचार स्वास्थ्य जांच की गई। 4 अगस्त को करौली सवाई माधोपुर, गंगापुर जिले के पुलिसकर्मी व उनके परिजनों की जांच होगी और रोग का निवारण किया जाएगा। डीग भरतपुर धौलपुर जिले के जो पुलिसकर्मी एवं उनके परिजन पहले दिन जांच करने से वंचित रह गए हैं। वे 4 अगस्त को जांच करा सकते हैं। कार्यक्रम में पीए वीरेंद्र शर्मा, कुम्हेर के सीडीपीओ महेंद्र अवस्थी, नरेंद्र गुप्ता, विष्णु मित्तल, शैलजा शर्मा ,मिथलेश शर्मा, पूनम चौधरी, सीता खंडेलवाल, राजेंद्र शर्मा, रामकिशन, पुलिसकर्मियों आदि का विशेष योगदान चल रहा है।

# जिला,ब्लाक कांग्रेस कमेंटियो का होगा पुनर्गठन मांगे फिडबेक

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस को मिले फीडबैक के आधार पर संगठन को पुनर्गठन कर मजबूत करने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस एवं मंडल कांग्रेस कमेटी को भंग किया गया है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सुदृढ़ करने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशों पर सभी जिला कांग्रेस की बैठक प्रदेश पदाधिकारी प्रभारियों द्वारा ली गई तथा निष्क्रिय तथा सक्रिय पदाधिकारियों का फीडबैक प्रदेश कांग्रेस द्वारा कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव लड़े प्रत्याशियों तथा प्रभारी पदाधिकारियों से प्राप्त किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्राप्त फीडबैक के आधार पर संगठनात्मक पुर्नगठन हेतु शनिवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार निम्न वर्णित ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों तथा मण्डल कांग्रेस कमेटियों को भंग करने के आदेश जारी किए है।

जारी आदेशों में सिरोही जिले की रेवदर एवं आबूरोड़, करौली जिले की हिण्डौन शहर व हिण्डौन देहात, टोंक जिले की टोडारायसिंह, देवली, अलीगढ़-उनियारा, दौसा जिले के दौसा एवं लवाण तथा हनुमानगढ़ जिले ब्लॉक भादरा शहर के ब्लॉक अध्यक्ष व ब्लॉक कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्ष तथा मण्डल कार्यकारिणियों की नियुक्तियों को तुरन्त प्रभाव से भंग किया गया है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला पदाधिकारी प्रभारियों, जिलाध्यक्षों तथा जिले के प्रमुख कांग्रेस नेताओं से 15 दिवस में प्रस्ताव लेकर इन ब्लॉक एवं मण्डल कांग्रेस कमेटियों का पुनः गठन किया जाएगा।

बाद में एक आदेश जारी कर जिला कांग्रेस कमेटी दौसा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दौसा तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवाण के ब्लॉक अध्यक्ष व ब्लॉक कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्ष तथा मण्डल कार्यकारिणियों की नियुक्तियों को भंग किए जाने के आदेशों पर तुरन्त प्रभाव से रोक लगायी जाकर यथावत रखा गया है। उक्त ब्लॉक एवं मण्डल अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी पूर्व की भांति संगठनात्मक कार्यों को सम्पादित करेंगे।

# झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर भगवान शंकर के मंदिर में करवाया रुद्राभिषेक

श्री श्री 108 श्री सीताराम दास महाराज के सानिध्य में हुआ रुद्राभिषेक का कार्यक्रम

विद्वान पंडितों का भी रुद्राभिषेक के दौरान हुआ सम्मान

## प्रदेश में सुख शांति एवं खुशहाली के लिए हुआ रुद्राभिषेक का आयोजन : मदनलाल भावरिया

चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी

( सुमेर सिंह राव )। उपखंड क्षेत्र के पचलंगी गांव के पास स्थित झडाया बालाजी मंदिर आश्रम परिसर में मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री सीताराम दास महाराज के साहित्य में सावन के पवित्र महीने को ध्यान में रखते हुए भगवान शंकर का रुद्राभिषेक करवाया गया ' आचार्य वासुदेव भिंडा चोकडी के सानिध्य में 11 पंडितों द्वारा रुद्राभिषेक करवाया गया ' रुद्राभिषेक के दौरान सुख शांति एवं खुशहाली की कामना की गई 'राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष एवं समाज सेवी मदनलाल भावरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सावन के पवित्र महीने में प्रतिवर्ष मंदिर परिसर में महाराज श्री के सानिध्य में रुद्राभिषेक



करवाया जाता है ' भावरिया के अनुसार मंदिर परिसर में 11 विद्वान पंडितो द्वारा भगवान शंकर का रुद्राभिषेक करवाया गया तत्पश्चात पंडितों का सम्मान भी किया गया ' इस दौरान रामलाल बड़सरा अध्यक्ष गौशाला सेवा समिति, पाचूराम जांगिड़ उपाध्यक्ष, राकेश मटोलिया व्यवस्थापक, लक्ष्मण सिंह कुड़ी ,महेंद्र तेतरवाल, भवानी सिंह कुड़ी , डॉक्टर रामावतार गजराज सहित कई लोग मौजूद रहे '

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929